RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 85 | सीकर, शुक्रवार 22 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

# नीट-2026 पेपर लीक मामले को लेकर
# कांग्रेस ने किया भाजपा मुख्यालय का घेराव







## पुलिस ने विधायक को धक्के मारे
## खाचरियावास सड़क पर बैठे




जयपुर।

जयपुर में गुरुवार को नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हो गई। पुलिस ने वाटर कैनन चलाकर बैरिकेड्स पर चढ़ रहे कार्यकर्ताओं को रोका। इस दौरान शहीद स्मारक पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को कार्यकर्ताओं ने कंधे पर बैठा लिया। पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास पुलिस कमिश्नरेट के सामने बैठ गए। पुलिस ने विधायक मुकेश भाकर और पूर्व ख्रू वेद प्रकाश सोलंकी को धक्का देकर पीछे धकेला। ख्रू मनीष यादव बैरिकेड्स पर चढ़कर आगे जाने की कोशिश कर रहे थे तो पुलिस ने उन्हें नीचे उतारा। दरअसल, डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ताओं ने बीजेपी मुख्यालय का घेराव करने के लिए कूच किया था। कार्यकर्ता कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय से पैदल मार्च कर शहीद स्मारक तक पहुंचे थे, यहां पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

डोटासरा ने कहा- हम केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ही तो मांग रहे हैं। क्यों नहीं ले रहे। वह चोर और धोखेबाज है। धर्मेंद्र प्रधान नीट चोर है। उसका इस्तीफा होना चाहिए।

### महिला कार्यकर्ताओं ने बजाई डफली, गाया गीत

कांग्रेस की महिला कार्यकर्ताओं ने डफली बजाकर और गीत गाकर विरोध जताया।

### कांग्रेस नेता बोले- युवा बीजेपी मुख्यालय पर ताला लगाकर मानेंगे

कांग्रेस नेता अभिषेक चौधरी ने कहा- युवाओं को भाजपा मुख्यालय जाने के लिए कब तक पुलिस रोकेगी।

### मेडिकल स्टूडेंट्स के गेटअप में पहुंचे युवा

कांग्रेस के प्रदर्शन में कुछ युवा मेडिकल स्टूडेंट्स के गेटअप में भी पहुंचे। जब उनसे पूछा गया कि वह नीट के कैंडिडेट हैं तो अपना चेहरा छुपाते नजर आए।

### डोटासरा बोले- कोर्ट की निगरानी में हो जांच

गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- पिछले तीन साल से नीट पेपर लीक हो रहा है। नीट करवाने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पर लोगों का विश्वास नहीं रहा है, इसलिए इस संस्था को भंग कर देना चाहिए। केंद्र सरकार नीट पेपर लीक मामले में जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। 22 लाख बच्चों का भविष्य खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की जरूरत है। मामले में सरकार ने सीबीआई को जांच दी है, लेकिन इसकी जांच कोर्ट की निगरानी में होनी चाहिए।

### नारेबाजी कर रहे युवाओं को पुलिस ने लौटाया

प्रदर्शन के दौरान कुछ युवा कमिश्नरेट के बाहर खड़े होकर नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान पुलिस अधिकारी ने उनसे परमिशन होने की बात पूछी। इसके बाद उन्हें लौटा दिया गया।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जिलेभर से पहुंचे परिवादियों ने बिजली, पानी, सड़क, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखीं। जिला कलेक्टर ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान राज्य सरकार की प्राथमिकता है तथा सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जिला स्तरीय जनसुनवाई में एसीईओ रामनिवास, एएसपी देवेंद्र सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ईरान जंग पर ट्रम्प-नेतन्याहू में टकराव
### अमेरिका डील चाहता है; इजराइल बोला- हमला नहीं रुकना चाहिए, ऐसा किया तो गलती होगी




**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** ईरान युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नेतन्याहू चाहते हैं कि ईरान पर हमले जारी रहें, जबकि ट्रम्प फिलहाल बातचीत और डील को मौका देना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि नेतन्याहू ने ट्रम्प से कहा कि ईरान पर प्रस्तावित हमले रोकना गलती है और सैन्य कार्रवाई जारी रहनी चाहिए। सीएनएन के मुताबिक, ट्रम्प ने रविवार को नेतन्याहू को बताया था कि अमेरिका ईरान पर नए टारगेटेड हमले की तैयारी कर रहा है। इस ऑपरेशन को 'ऑपरेशन स्लेजहैमर' नाम दिया जाना था। लेकिन करीब 24 घंटे बाद ट्रम्प ने घोषणा कर दी कि मंगलवार के लिए तय हमलों को फिलहाल रोक दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और⁄ श्व जैसे खाड़ी देशों की अपील पर यह फैसला लिया गया।

**अमेरिकी संसद में ईरान जंग रोकने वाला प्रस्ताव पास:** अमेरिकी सीनेट में ट्रम्प की सैन्य शक्तियों को सीमित करने वाला प्रस्ताव 50-47 से पास हुआ। 4 रिपब्लिकन सांसदों ने भी ट्रम्प के खिलाफ वोट दिया। अगर कानून बना तो ईरान के खिलाफ जंग जारी रखने के लिए ट्रम्प को कांग्रेस की मंजूरी लेनी होगी।

**ट्रम्प बोले- ईरान की नेवी और एयरफोर्स खत्म:** यूएस कोस्टगार्ड एकेडमी में ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान की नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अब सवाल सिर्फ यह है कि अमेरिका आगे पूरी कार्रवाई करेगा या ईरान समझौता करेगा।

**ईरान की मंजूरी से 26 जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे:** आईआरजीसी ने दावा किया कि पिछले 24 घंटे में 26 जहाज ईरानी मंजूरी के बाद होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इनमें तेल टैंकर और कॉमर्शियल जहाज शामिल थे।

### मुख्यमंत्री ने बांसवाड़ा में ली जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक
## समर्पित भाव से कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ पात्र जनों तक पहुंचाएं- मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश सरकार जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए भरसक प्रयास कर रही है और इसमें कहीं कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र जन तक पहुंचाने के साथ ही पूरी संवेदनशीलता के साथ दायित्वों के निर्वहन और सुशासन के संकल्पों को साकार करने की दिशा में समर्पित भाव से जुटने का आह्वान किया है। बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिले के तीन दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने गुरुवार को बांसवाड़ा जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय अधिकारियों की बैठक में



विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों तथा नवाचारों की प्रगति एवं वर्तमान स्थिति पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने प्रवृत्तिवार एवं क्षेत्रवार अब तक प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी ली तथा इनके क्रियान्वयन में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बांसवाड़ा नगर परिषद आयुक्त दुर्गेश सिंह रावल की कार्यप्रणाली पर अंसतोष व्यक्त किया और इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने आयुक्त को एपीओ करने के आदेश जारी कर दिए।

## बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले सभी मदरसों में वंदे मातरम गाना अनिवार्य कर दिया है। यह आदेश 19 मई को जारी किया गया। जानकारी गुरुवार को सामने आई। सरकार के आदेश के मुताबिक, यह नियम सरकारी मॉडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त और बिना सहायता प्राप्त मदरसों पर तुरंत लागू होगा। नए आदेश के बाद अब क्लास शुरू होने से पहले सुबह की प्रार्थना सभा (असेंबली) में वंदे मातरम गाना जरूरी होगा। इससे पहले मदरसों में सुबह की प्रार्थना के दौरान राष्ट्रगान जन गण मन और कवि गुलाम मुस्तफा की अनंत असीम प्रेममय तुमी (बांग्ला गीत) गाया जाता था।

### कोबरी-सार




# विधायक भांबू के भाई के निधन पर शोकसभा में पहुंचे प्रभारी मंत्री
## अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी जताई संवेदना

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू के भाई जोगेंद्र भांबू के निधन पर आयोजित शोकसभा में जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत गुरुवार को भांबू के पैतृक गांव नरनौद पहुंचे। वहां उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। शोकसभा में कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग भी शामिल हुए। इस दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, संसदीय कार्य एवं न्याय विभाग मंत्री जोगाराम पटेल, नवलगढ़ विधायक विक्रम जाखल, सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार, नोखा विधायक सुशीला डूडी, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन रणदीप धनखड़, पूर्व कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व प्रधान कैलाश मेघवाल सहित अन्य लोगों ने भी शोक व्यक्त किया। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की बात कही।

### जनप्रतिनिधियो ने दी संवेदना

इससे पहले बुधवार को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी नारनोद पहुंचे और विधायक राजेंद्र भांबू से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इनके अलावा पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़, चौमूं विधायक शिखा मील बराला, पिलानी विधायक पितराम काला, डीडवाना विधायक एवं पूर्व मंत्री युनूस खान, धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, पूर्व विधायक डॉ मूलसिंह शेखावत, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, पूर्व सांसद सीकर स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, भाजपा की पूर्व प्रदेश मंत्री मधु कुमावत, सीकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रधान संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सुंडा, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं निवर्तमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरि, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राजेश दहिया, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा बगड़, पूर्व सरपंच नीतिराजसिंह शेखावत, विजेंद्र हटवाल, ओम सारस्वत, जिला कलेक्टर अरुण गर्ग सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।



### सीएम, डिप्टी सीएम व राजे ने किया ट्वीट

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी फोन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इनके अलावा सीएम शर्मा, पूर्व सीएम राजे, डिप्टी सीएम दिया कुमारी व डॉ बैरवा ने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट करके भी शोक जताया है।

|| शोक - संदेश ||



बड़े दुख के साथ सुचित किया जाता है, कि हमारी पूज्यनीया माताजी
श्रीमती सिनगारी देवी
धर्मपत्नी स्व. कैप्टन श्योचन्दराम (I.D.S.M.) का दिनांक 20.05.2026 को स्वर्गवास हो गया। जिनकी 7 दिवसीय नियमित बैठक निज निवास लोदीपुरा में होगी।

शोकाकुल :- महावीर -मायाकौर, सुबेदार मेजर प्रहलाद सिंह - मुन्नी, अध्यापक विजयपाल -मनोहर अ. (पुत्र-पुत्रवधू) मनाव- स्व. श्री आनंद सिंह जी, इन्द्रा -श्री नरेश जी (पुत्री -दामाद), समस्त पौत्र-पौत्रवधू, पौत्री -दामाद व समस्त पायल परिवार लोदीपुरा।
संपर्क सूत्र - 9928828657, 8058974525, 9468676731

## युवक के साथ मारपीट और लूट का मामला दर्ज

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के जसरासर थाना क्षेत्र के बादनू गांव में एक युवक के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। इस संबंध में भंवरलाल कुम्हार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। परिवादी भंवरलाल कुम्हार ने रिपोर्ट में बताया कि 19 मई की शाम उसका पुत्र पप्पूराम गांव के गवाड़ में खड़ा था। इस दौरान लोकेश कुम्हार के साथ उसकी कहासुनी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवा दिया। रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद पप्पूराम ट्रैक्टर लेकर खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से दो ट्रैक्टर और एक बोलेरो गाड़ी में सवार होकर शिवरतन, मदनलाल, बबलू, लोकेश, देवीलाल, रामस्वरूप, अशोक कुमार सहित तीन-चार अन्य लोग पहुंचे। आरोप है कि सभी ने युवक का ट्रैक्टर रुकवाया और लोहे की राड़ तथा लाठियों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपियों पर युवक की जेब से मोबाइल फोन और 23350 रुपए नकद निकालकर ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। घायल युवक को पहले जसरासर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बीकानेर के पीबीएम ट्रॉमा सेंटर रैफर कर भर्ती करवाया। पुलिस ने परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बारिश कहां से लाओगे

नवयत्न।



बढ़ रही है तपन, लगता है जैसे
जल रही है धरती, जल रहा है गगन
तपिश तो अभी बहुत बाकी है, यह तो शुरुआत की झांकी है
क्या कभी हमने सोचा है, क्या अंजाम होगा
ऐसे ही बढ़ता रहा तापमान, तो कैसा जहां होगा
कट रहे हैं पेड़, हमारी नाक के नीचे
और हम खामोश हैं, देख रहे हैं तमाशा,
हमको नहीं होश है, अब जागने का है समय
चेतना का शंखनाद करें, हो समझाइस आपस में
न समय बर्बाद करें, आओ अनमोल संकल्प लें
अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, हो धरा हरी भरी हमारी
पर्यावरण को महकाएं, समय रहते नहीं संभले तो
आने वाली पीढ़ी को, क्या मुंह दिखलाओगे
जब धरा हो जाएगी बंजर, तो फिर बारिश कहां से लाओगे
लेखक-डॉ अनिल अनमोल, सूरजगढ़

## श्रीराम महायज्ञ में यजमानों ने दी 62 हजार आहुतियां



श्रवण सारस्वत

**रींगस ( नवयत्न )।** सरगोठ गांव स्थित गणपति धाम मंदिर में 21 कुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मानव कल्याण के उद्देश्य से हो रहे इस महायज्ञ में यजमानों द्वारा 62 हजार आहुतियां दी जा चुकी हैं। यज्ञ संरक्षक और गणपति धाम मंदिर व सरगोठ के महंत दौलतदास महाराज ने बताया कि यह महायज्ञ 25 मई तक चलेगा। यज्ञकर्ता बाल योगी संत प्रयागदास महाराज के अनुसार इसका मुख्य उद्देश्य मानव कल्याण है। महायज्ञ के दौरान रोजाना सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक, दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक यज्ञाचार्य संदीप शर्मा के नेतृत्व में आहुतियां दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन शाम 5 बजे से 7:30 बजे तक संतों के प्रवचन कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें संत-महात्मा भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करते करते हैं। श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ भी इन धार्मिक कार्यक्रमों का हिस्सा है।

इस धार्मिक आयोजन में जोहड़ादास आश्रम, महरोली के राममूर्तिदास महाराज, रघुनाथ धाम, खेजरोली के राघवदास महाराज, श्रीराम टेकड़ी धाम, लिसाड़ियां के महात्यागी बालकदास महाराज, पंडित जितेंद्र शर्मा, फूलचंद यादव, प्रतीक शर्मा, गौरव शर्मा, लादूराम, डूंगेश विश्वकर्मा सहित कई संत-महात्मा और सरगोठ गांव के गणमान्य लोग उपस्थित हैं।

## हीटवेव के दौरान हर घंटे पानी पिएं, स्वास्थ्य विभाग की आमजन से अपील

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** प्रदेश में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से सतर्क रहने की अपील की है। तेज गर्मी के कारण शरीर में तेजी से पानी की कमी हो रही है, जिससे डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और लू लगने का खतरा बढ़ गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को हर घंटे पानी पीने की आदत अपनानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि कई लोग केवल प्यास लगने पर ही पानी पीते हैं जबकि गर्मी के मौसम में शरीर लगातार पसीने के माध्यम से पानी खोता रहता है। इसलिए बिना प्यास लगे भी नियमित अंतराल पर पानी पीना बेहद जरूरी है। खासतौर पर खेतों में काम करने वाले किसान, मजदूर, ट्रैफिक पुलिसकर्मी, दुकानदार और धूप में काम करने वाले लोगों को अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। दिनभर में पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ-साथ नींबू पानी, छाछ, बेल का शरबत, सत्तू, नारियल पानी और ओआरएस जैसे पेय पदार्थों का सेवन करना लाभकारी रहता है। वहीं अत्यधिक ठंडा पानी, कोल्ड ड्रिंक्स और तली-भुनी चीजों से दूरी बनाकर रखें।

### दोपहर 12 से 4 बजे तक धूप में ना निकलें

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप में बाहर निकलने से बचने, सिर को ढककर रखने और हल्के सूती कपड़े पहनने की भी अपील की गई है।

### हर घंटे पानी पिएं

उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि किसी व्यक्ति को तेज सिरदर्द, चक्कर, उल्टी, अत्यधिक पसीना, कमजोरी या बेहोशी जैसी समस्या महसूस हो तो उसे तुरंत छांव में लिटाकर पानी पिलाएं और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाएं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि शहर घंटे पानी पिएं संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि भीषण गर्मी के इस दौर में लोगों को सुरक्षित रखा जा सके।

# अपना घर आश्रम में मानवता का अद्भूत उदाहरण

## वर्षों बाद बिछड़ा भाई परिवार से मिला



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के अपना घर आश्रम के अंतर्गत मानव सेवा, संवेदना और पुनर्वास का एक अत्यंत भावुक एवं प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। वर्षों से अपने परिवार से बिछड़ा एक मंदबुद्धि एवं बोलने-सुनने में असमर्थ युवक आखिरकार अपने परिजनों से मिल गया, जिससे पूरे परिवार में खुशी और भावुकता का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर 2024 को महिपाल को एक मंदबुद्धि एवं बोलने-सुनने में असमर्थ बालक मिला, जो अपना नाम-पता बताने में पूरी तरह असमर्थ था। मानवता का परिचय देते हुए उन्होंने तुरंत उस युवक का रेस्क्यू करवाकर उसे अपना घर आश्रम बीकानेर के रानी बाजार आश्रम में सुरक्षित पहुंचाया। इसके पश्चात 25 नवंबर 2025 को उस प्रभुजी को अपना घर आश्रम नोखा लाया गया, जहाँ आश्रम परिवार द्वारा उनकी लगातार देखभाल, उपचार एवं पहचान की कोशिशे जारी रखी गई। आश्रम द्वारा सोशल मीडिया और इंस्टाग्राम रील्स के माध्यम से भी उनके परिजनों तक पहुँचने का प्रयास लगातार किया जा रहा था। इसी दौरान सोशल मीडिया पर साझा की गई एक रील ने चमत्कार कर दिया। रील देखने के बाद समीर ने आश्रम से संपर्क कर बताया कि यह उनका छोटा भाई आमिर खान है जो पिछले दो-तीन वर्षों से लापता था। समीर ने बताया कि भाई के लापता होने के बाद परिवार ने पुलिस थाना, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लगातार खोजबीन की लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। भाई के घर से जाने के बाद उनकी माताजी की तबीयत भी लगातार खराब रहने लगी थी। उन्होंने भावुक होकर कहा कि यह किसी चमत्कार से कम नहीं है कि हमारा भाई हमें नोखा, बीकानेर में मिल गया। सूचना मिलते ही समीर तुरंत अपना घर आश्रम नोखा पहुँचे, जहाँ आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उन्होंने अपने भाई आमिर खान को खुशीपूर्वक अपने साथ घर ले गए। भाई के मिलने की खुशी में पूरे परिवार की आँखें नम हो गई और आश्रम परिसर में भी भावुक माहौल बन गया। इस अवसर पर आश्रम के सचिव सतीश झंवर ने कहा अपना घर आश्रम केवल एक आश्रय स्थल नहीं बल्कि मानवता, सेवा और संवेदनाओं का परिवार है। यहाँ आने वाला प्रत्येक प्रभुजन हमारे लिए भगवान स्वरूप होता है। जब कोई बेसहारा, भटका हुआ या मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति अपने परिवार से बिछड़ जाता है, तब उसका दर्द केवल उसी व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे परिवार का होता है। आज आमिर खान को वर्षों बाद उनके परिवार से मिलते देखना हमारे लिए अत्यंत भावुक और गर्व का क्षण है। जब परिवार की आँखों में खुशी के आँसू दिखाई दिए तब लगा कि हमारी सेवा सार्थक हुई। यही अपना घर आश्रम की सबसे बड़ी पूंजी और सबसे बड़ा पुरस्कार है। हम लगातार सोशल मीडिया, जनसहयोग और सेवा कार्यों के माध्यम से ऐसे प्रभुजनों की पहचान कर उन्हें उनके परिवार तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। समाज का सहयोग और विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। यदि प्रत्येक व्यक्ति मानवता के इस कार्य में थोड़ा भी सहयोग करे तो न जाने कितने बिछड़े लोग फिर से अपने परिवार तक पहुँच सकते हैं। सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और मानवता की सेवा से बढ़कर कोई पूजा नहीं। अपना घर आश्रम आगे भी इसी समर्पण, करुणा और सेवा भावना के साथ निरंतर कार्य करता रहेगा। यह घटना न केवल मानवता और सेवा की मिसाल है बल्कि यह भी दर्शाती है कि यदि प्रयास सच्चे हों तो सोशल मीडिया और समाज मिलकर किसी के जीवन में खुशियाँ वापस ला सकते हैं।

# सौंथली को मिला नया पंचायत भवन, विधायक ने किया लोकार्पण

निसं




**बुगाला ( नवयत्न )।** सौंथली गांव में गुरुवार को नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल ने किया। गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक विक्रम सिंह जाखल ने कहा कि पंचायत भवन गांव के विकास और प्रशासनिक कार्यों का प्रमुख केंद्र होता है। नए भवन के निर्माण से ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं पंचायत संबंधी कार्यों के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। विधायक ने रामप्रताप मेघवाल के घर से लछुराम मीणा के घर तक इंटरलॉक सड़क व मुख्यमंत्री बजट घोषणा के तहत सौंथली खेल मैदान से मीणा की ढाणी की ओर बनी सड़क का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासक परमेश्वरी देवी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीडीओ रितेश सांखला उपस्थित रहे। उन्होंने पंचायत भवन को ग्रामीण प्रशासन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे गांव के लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध होंगी। लोकार्पण समारोह के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विधायक और प्रशासनिक अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में गांव के बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं की भी अच्छी भागीदारी रही। समारोह के बाद ग्रामीणों ने नए पंचायत भवन का अवलोकन किया तथा खुशी जाहिर की। इस मौके पर नागरमल, कुरड़ाराम मूंड, विक्रम मीणा, विजेंद्र पूनिया, ओमप्रकाश मीणा, सुरेंद्र खरींटा, मक्खनलाल, गिरधर पुरा सरपंच शंकरलाल, पूर्व पंस सदस्य फूलचंद खेदड़, पं स सदस्य समुद्रलाल, पूर्व चेयरमैन जुगलकिशोर, राजेश गुनगुणावत, नरेन्द्र, सवाई सिंह, सुरेश गुप्ता, जयराम कुमावत, विनोद गुप्ता, नत्थूसिंह, कमल जांगिड़, दिलीप भार्गव, अशोक मिश्रा, राजपाल, श्रीराम, गुलझारी लाल खरींटा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## कानून मंत्री जोगाराम का किया स्वागत



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार में विधि एवं विधिक कार्य, संसदीय कार्य, विधिक परामर्श कार्यालय और न्याय विभाग के कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल के गुरुवार को झुंझुनू आगमन पर भाजपा शहर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा उनका पीरू सिंह सर्किल पर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, शहर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा, जिला महामंत्री दिलीप सैनी, सोशियल मीडिया जिला संयोजक चन्द्र प्रकाश शुक्ला, शहर महामंत्री ताराचंद सैनी, नगर मंत्री विनोद जांगिड़, सुमेर कड़वासरा, प्रियंक योगी, हरिकिशन जांगिड़ सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संयुक्त अभिभावक संघ एक जून को करेगा शिक्षा संकुल पर सद्बुद्धि यज्ञ

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत चयनित विद्यार्थियों की लॉटरी निकलने के लगभग 70 दिन बीत जाने के बावजूद 1.80 लाख बच्चों को अब तक विद्यालयों में प्रवेश नहीं मिलने से अभिभावकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी मुद्दे को लेकर संयुक्त अभिभावक संघ ने राज्य सरकार, शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग एवं निजी स्कूलों के खिलाफ सोमवार एक जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय वैश्विक अभिभावक दिवस के अवसर पर जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित शिक्षा संकुल के मुख्य द्वार पर सद्बुद्धि यज्ञ आयोजित करने की घोषणा की है। प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक जैन बिट्टू का कहना है कि एक तरफ सरकार शिक्षा के अधिकार और बाल शिक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है वहीं दूसरी तरफ आरटीई में चयनित बच्चों को समय पर प्रवेश तक नहीं मिल पा रहा है। अभिभावक पिछले दो महीनों से लगातार स्कूलों, शिक्षा विभाग के कार्यालयों एवं अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं, जिससे उनका आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक शोषण हो रहा है। संघ ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल मनमाने तरीके से अभिभावकों को परेशान कर रहे हैं जबकि शिक्षा विभाग पूरी तरह मूकदर्शक बना हुआ है। कई अभिभावकों के बच्चों का वर्तमान शैक्षणिक सत्र प्रभावित हो रहा है और बच्चों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। संयुक्त अभिभावक संघ ने बताया कि एक जून को आयोजित होने वाले सद्बुद्धि यज्ञ के माध्यम से सरकार एवं शिक्षा विभाग को सद्बुद्धि देने और बच्चों के शिक्षा अधिकार की रक्षा की मांग को लेकर विरोध दर्ज करवाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों के शामिल होने की संभावना है।

# जन सेवा समिति की ओर से ट्रस्ट की नीतियों के विरोध में दिया धरना

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी ट्रस्ट की नीतियों के विरोध में गुरुवार को जनसेवा समिति की ओर से एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन से समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की है। धरने पर बैठे लोगों ने कहा कि भोपालगढ़ फोर्ट का रास्ता आमजन की आवाजाही के लिए खुला रहना चाहिए। मार्ग पर गेट लगाकर अवरोध खड़ा करना जनहित के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि खेतड़ी कस्बा रियासत कालीन समय के विश्व प्रसिद्ध कस्बा है। रियासत कालीन समय से खेतड़ी में अनेक भवनों, महल एवं किलों का निर्माण करवाया गया था। भोपालगढ़ किला भी ऐतिहासिक रूप से रियासत कालीन समय में बनाया गया था, जिसका उपयोग तत्कालीन समय में सामरिक एवं रिहायसी निवास के लिए किया जाता था। भोपालगढ़ ग्राम में आज भी लोग रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ट्रस्ट के लोगों ने कब्जा करने का प्रयास करते हुए मुख्य द्वार पर ताला लगा दिया। भोपालगढ़ किले के मुख्य द्वार पर गेट लगाने को लेकर क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश है। इसके अलावा खेतड़ी कस्बे में कई स्थानों पर ट्रस्ट ने कब्जा कर आवागमन के रास्ते में दीवार बनाकर रास्तों को बंद किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने भोपालगढ़ किले पर लगाए बेरिकेट्स को हटाकर सुचारु रूप से चालू करवाने, पूर्व में दर्ज करवाएं गए मुकदमे की निष्पक्ष जांच करवाने, प्राचीन मंदिरों पर किए जा रहे कब्जे हटवाने, केवल वसियत में वर्णित संपत्ति ट्रस्ट को देने, ट्रस्ट द्वारा खेतड़ी क्षेत्र में शिक्षा, छात्रवृत्ति और जनकल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग की। जनसेवा समिति की ओर से पिछले 35 दिनों से धरना दिया जा रहा है लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया कि उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर राजेश सांखला, शंकर लाल सैन, सीताराम कुमावत, रोहताश हलवाई, लक्ष्मण सिंह सोढ़ा, नरेश शर्मा, मालीराम नायक, रूडमल सैन, मोहन लाल सैन, दिनेश सैन सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# पुराने पेड़ों की कटाई से ग्रामीणों में आक्रोश

## धरना देकर की पेड़ काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी तहसील कार्यालय के सामने वर्षों पुराने पेड़ों की कटाई किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। पेड़ काटने की सूचना पर गुरुवार को काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए तथा धरना देकर विरोध जताया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक पुराने छायादार पेड़ों को काट दिया गया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि इन पेड़ों से वर्षों से लोगों को छाया और पर्यावरणीय संतुलन का लाभ मिल रहा था लेकिन बिना किसी ठोस कारण के इन्हें काट दिया गया। घटना के विरोध में ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने पेड़ काटने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान और पर्यावरण संकट के दौर में पेड़ों की कटाई बेहद चिंताजनक है। इससे क्षेत्र के पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ आमजन को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। पर्यावरण प्रेमी गोपाल कृष्ण ने बताया कि वह पिछले काफी समय से सरकारी संस्थाओं में पेड़ लगाकर उनका पालन-पोषण करते हैं तथा कुछ लोग अपने निजी फायदे के लिए पेड़ों की कटाई कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरने के दौरान लोगों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही कटे हुए पेड़ों के स्थान पर नए पौधे लगाने और हरियाली बचाने के लिए ठोस कदम उठाने की भी मांग की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। घटना की सूचना पर तहसीलदार सुनील कुमार मील, पीडब्ल्यूडी एक्सईएन प्रणव कुमार मौके पर पहुंचे तथा मामले की जानकारी जुटाकर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर गोपाल कृष्ण, पारस वर्मा, डॉ रामकुमार सिराधना, डॉ राघवेंद्र पाल, पवन कुमार, दिनेश कुमार, बलवीर सैनी, मोहनलाल कुमावत, पवन शर्मा, मंजीत जलंद्रा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## जाखल के सोनी ने हासिल की प्रथम श्रेणी में डॉक्टरेट डिग्री

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** जाखल के होनहार युवा शुभम सोनी ने आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त कर क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। शुभम सोनी को हाल ही में राजस्थान बोर्ड ऑफ इंडियन मेडिसिन, जयपुर तथा डॉ एसआर राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर से बीएनवाईएस पाठ्यक्रम में प्रथम (अ) श्रेणी के साथ डॉक्टरेट डिग्री प्रदान की गई। यह उपलब्धि उन्हें विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ सीताराम शर्मा के सानिध्य में प्राप्त हुई। शुभम स्वर्गीय किशनलाल सोनी के पुत्र हैं और शुरू से ही शिक्षा व चिकित्सा क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के लिए पहचाने जाते रहे हैं। उनकी इस सफलता से पूरे स्वर्णकार समाज व कस्बे में खुशी का माहौल है। डॉ शुभम सोनी की इस उपलब्धि पर समाज के वरिष्ठजन एवं गणमान्य लोगों ने उनका सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ओमप्रकाश सोनी, गोविन्द सोनी, सुभाष चन्द्र जांगिड़, शैलेन्द्र सिंह शेखावत, अजय शेखावत, प्रमोद सोनी सहित अनेक लोगों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। समाज के लोगों ने कहा कि शुभम सोनी ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से यह मुकाम हासिल कर युवाओं के लिए प्रेरणा प्रस्तुत की है। उनकी सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा है। परिवारजनों, रिश्तेदारों एवं कस्बे के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी डॉ शुभम सोनी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों ने उम्मीद जताई कि वे चिकित्सा सेवा के माध्यम से समाज की सेवा करते हुए क्षेत्र का नाम और अधिक रोशन करेंगे।

## नाबालिग को भगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नाबालिग लड़की को घर से ले जाने के आरोपी को पुलिस ने 1200 किलोमीटर दूर उत्तराखंड के केदारनाथ के पास एक गांव से गिरफ्तार किया है। मामला बीकानेर जिले के नोखा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने चाय वाले का भेष बदलकर आरोपी को पकड़ा और नाबालिग को सुरक्षित बरामद किया। आरोपी कन्हैयालाल को गिरफ्तार कर लिया गया। थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि 27 अप्रैल को नोखा थाने में नाबालिग लड़की के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज हुई। कार्रवाई करते हुए साइबर थाने में तैनात एएसआई दीपक यादव लगातार आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर रहे थे।

### कुछ ही सेंकंड ऑन करता था मोबाइल

आरोपी केवल कुछ सेकंड के लिए ही अपना मोबाइल ऑन करता था, जिससे उसे ट्रैक करना मुश्किल हो रहा था। जांच में पता चला कि आरोपी नाबालिग को लेकर ऋषिकेश के रास्ते केदारनाथ पहुंच गया था। इसके बाद पुलिस टीम नोखा से 17 मई शाम को उत्तराखंड के लिए रवाना हुई। सोनप्रयाग से आगे, टीम ने बिना वर्दी के सफर किया। केदारनाथ के ट्रैक में केवल हवाई या पैदल यात्रा का आप्शन होने से पुलिस ने पहाड़ी रास्तों में लगभग 8 घंटे तक पैदल चढ़ाई की क्योंकि आसपास तलाशी लेते हुए आगे बढ़ना था।

### चाय वाला बनकर पहुंची पुलिस

आखिरकार पुलिस को केदारनाथ के पास एक छोटे से गांव में आरोपी की लोकेशन मिली। आरोपी वहीं पर एक होटल में कमरा लेकर रुका हुआ था। पुलिस 19 मई को वहां पहुंची। टीम को लीड कर रहे एएसआई हरिराम मीणा ने बताया जब हमें आरोपी के एक होटल में रुकने की पुख्ता सूचना मिली तो हमने उसे पकड़ने के लिए नया तरीका अपनाया। सुबह करीब 5 बजे हम चाय वाले के भेष में वहां पहुंचे। हमने आवाज लगाई चाय ले लो, चाय गरम टैक्सी तैयार है, रास्ता खुला हुआ है ये वहां यात्रियों को जगाने के लिए आमतौर पर बोले जाने वाले शब्द हैं। पहले दरवाजा नहीं खुला। फिर हमने जोर-जोर से तीन बार दरवाजा खटखटाया। जैसे ही उसने दरवाजा खोला, सामने वही आरोपी था जिसकी हम तलाश कर रहे थे। कमरे में नाबालिग लड़की भी सुरक्षित मिल गई। इसके बाद हमने तुरंत युवक को दबोच लिया। पुलिस आरोपी और नाबालिग को लेकर 20 मई को नोखा पहुंची। यहां नाबालिग को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने आरोपी नोखा निवासी कन्हैयालाल को बुधवार शाम को गिरफ्तार किया है, जिसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया।

## भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए लगाई प्याऊ




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा-तारानगर के सौजन्य से डॉ मातुसिंह राठौड़ के नेतृत्व में अत्यधिक गर्मी को मध्यनजर रखते हुए कोर्ट के सामने नवरत्न मल शर्मा की निगरानी एवं सहयोग से उनके होटल परिसर में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों में जीताराम जान्दू ने अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए बेजुबान पक्षियों के लिए परिण्डे आदि की व्यवस्था हेतु अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ मातुसिंह राठौड़, हेतराम भाकर, जयप्रकाश स्वामी आदि द्वारा अपने विचार व्यक्त किये। शुभारंभ के समय नवरत्न मल शर्मा, लक्ष्मीनारायण, रूपराम थालोड़, रामजीलाल सहारण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में पालाराम जिंदल द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पीएम आवास योजना पोर्टल की खामियों को दूर करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चूरू जिला कलक्टर को सामाजिक कार्यकर्ता सोहिल गोपालपुरिया ने एक ज्ञापन सौंपकर पीएम आवास योजना के पोर्टल पर चल रही गड़बड़ियों को सही करने व समय पर लाभार्थियों का भुगतान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में गोपालपुरिया ने बताया है कि भारत सरकार व राजस्थान सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भ्रष्टाचार किया जा रहा है। पोर्टल पर जिन आवेदकों को एक किश्त मिली है, उनके दो किश्त अंकित दिखा रहा है व दो वालों को तीन व तीन वालों को चार किश्त अंकित दिखाया जा रहा है। जो कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण हो रहा है। आमजन पर इसका विपरीत असर यह पड़ रहा है और पोर्टल सही नहीं होने के कारण आगामी किश्ते डाली नहीं जा पा रही है। जिससे लोगो के मकान बनाने के सपने चूर हो रहे हैं। लोगो को पैसे के अभाव में अपने मकानों का निर्माण कार्य बीच में ही बन्द करना पड़ रहा है। लेकिन कोई जिम्मेदार अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहा है। जिस कारण प्रधानमंत्री का सपना हर गरीब के पास घर हो अपना की योजना को सरकारी कर्मचारी अधिकारियों के द्वारा विफल करने का प्रयास किया जा रहा है। अत: ऐसे में जांच करवाई जाकर सभी लाभार्थियों को समय पर भुगतान की व्यवस्था की जावे।

# विभागीय अधिकारी परिवादों के समयबद्ध निस्तारण से आमजन को संतुष्ट करें : सोनी

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जन सेवा केन्द्र में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान शिविर आयोजित किया गया। जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर अर्पिता सोनी ने आमजन की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम सोनी ने कहा कि अधिकारी आमजन को उनके परिवादों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के साथ संतुष्ट करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित राहत उपलब्ध करवाना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए निर्धारित समयावधि में कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आपसी समन्वय एवं जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पेयजल, विद्युत, सड़क व सीवरेज निर्माण, अतिक्रमण, टेंडर प्रक्रिया में अनियमितता, पट्टा जारी करने, रास्ते से जुड़े, बरसात के दौरान पानी भराव, बकाया भुगतान, असामाजिक तत्वों द्वारा परेशानी, निराश्रित पशुओं से असुरक्षा, अमानक सड़क निर्माण, बिजली के क्षतिग्रस्त पोल सही करवाने जैसे नगर निकाय की 12, राजस्व की 03, पुलिस की 04, पीएचईडी की 05, शिक्षा की 01, जोविविएनल की 03, पंचायती राज की 01, सानिवि की 01 व स्वास्थ्य विभाग की 01 सहित कुल 31 परिवाद प्राप्त हुए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी के साथ उन्होंने संपर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों व सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इसी क्रम में प्रदेश स्तर से भी वीसी के जरिए जिला स्तरीय जनसुनवाई की समीक्षा की गई। एडीपीएस मीनू वर्मा ने संपर्क पोर्टल प्रकरणों के बारे में चर्चा की। इस दौरान डीएफओ भवानी सिंह, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, आईसीडीएस उपनिदेशक डॉ नरेन्द्र शेखावत, बाल संरक्षण इकाई सहायक निदेशक सत्येन्द्र पाल वीर, उद्योग महाप्रबंधक नानुराम गहनोलिया, उद्यान उपनिदेशक डॉ धर्मवीर डूडी, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी तथा वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

## सैन समाज क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा के एसडी क्रिकेट एकेडमी और स्पोर्ट्स ग्राउंड में चल रही नोखा सैन समाज क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। दिनभर चले तीन मुकाबलों में सैन क्लब नोखा ने लगातार दो मैच जीते। महेश सेन ने बताया कि पहला मुकाबला बालाजी स्टार नागौर और सैन क्लब नोखा के बीच खेला गया।

सैन क्लब नोखा ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। बालाजी स्टार नागौर ने निर्धारित 12 ओवर में 4 विकेट खोकर 88 रन बनाए, जिसमें चेतन चायल ने 39 रन की पारी खेली। इसके जवाब में सैन क्लब नोखा ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 5.5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से मुकेश सैन ने 26 गेंदों में 57 रन की विस्फोटक पारी खेली और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला बालोतरा 11 स्टार और गंगानगर सैन सुपरकिंग्स के बीच हुआ। बालोतरा 11 स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट खोकर 75 रन बनाए। टीम के लिए अरविंद सैन ने 20 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए गंगानगर सैन सुपरकिंग्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और केवल 4.4 ओवर में 3 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। टीम की ओर से सुमित ने 14 गेंदों में 41 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में मौजूद रहे। इस अवसर पर मुन्नीलाल गौड़, विनोद गहलोत, तरुण गहलोत, सीताराम देहड़ू, भवानी शंकर, पप्पूराम गहलोत, चोटीलाल सैन, भागीरथ गहलोत, रायचंद गौड़, राजूराम गौड़, मालचंद, मनोज गौड़, ओमप्रकाश गौड़ तथा राकेश जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सांसद सीपी जोशी ने किए शाकम्भरी माता के दर्शन



निसं

**उदयपुरवाटी ( नवयत्न )।** चित्तौड़गढ़ सांसद एवं पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी प्रसिद्ध शक्तिपीठ शाकंभरी माता मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद सीपी जोशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के दम पर आगे बढ़ने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि संगठन में कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और अनुशासन का हमेशा सम्मान किया जाता है। आगामी निकाय एवं पंचायत चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं और उनकी मेहनत का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सांसद जोशी ने पश्चिम बंगाल चुनावों का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा और मजबूती के साथ काम किया। राजस्थान से गए कार्यकर्ताओं एवं प्रवासी राजस्थानियों ने भी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे पार्टी नेतृत्व काफी संतुष्ट है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा कार्यकर्ताओं की ताकत से ही मजबूत बना हुआ है। शाकंभरी माता मंदिर में सांसद सीपी जोशी ने पंडित अंकित शर्मा के आचार्यत्व में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने स्वास्तिक बनाकर माता के दर्शन किए और प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ कमल सिखवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमारी शर्मा, दांतारामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी रहे गजानंद कुमावत, निवर्तमान उपजिला प्रमुख ताराचंद धायल, पूर्व चेयरमैन मधुसूदन भिंडा, बाबूसिंह बाजौर, जिला परिषद सदस्य कानाराम जाट, महिला मोर्चा अध्यक्ष कविता चौधरी, राजकुमार जोशी, संजय सैनी सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजपूत राजनैतिक पुनरुत्थान शिविर को लेकर प्रेसवार्ता आयोजित



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** सालासर स्थित अग्रवाल एवं हिसार सेवा सदन में 23 व 24 मई को आयोजित होने वाले दो दिवसीय श्री राजपूत राजनैतिक पुनरुत्थान शिविर को लेकर स्थानीय श्री करणी राजपूत छात्रावास में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए राजपूत महासभा के तहसील अध्यक्ष विक्रम सिंह बिल्यू ने बताया कि इंजीनियर महावीर सिंह शेखावत झाझड़ के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज की राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना तथा युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान समाज के राजनीतिक एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा और मंथन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ चुके जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों को वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था, संगठनात्मक मजबूती और नेतृत्व कौशल से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शिविर में ईडब्ल्यूएस आरक्षण से जुड़ी विभिन्न विसंगतियों पर विचार-विमर्श होगा, वहीं पंचायत एवं शहरी निकाय चुनावों में आरक्षण लागू करने की मांग को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह छाजूसर ने कहा कि यह आयोजन किसी राजनीतिक दल के विरोध का मंच नहीं है बल्कि समाज के राजनीतिक पुनरुत्थान और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने की एक सकारात्मक पहल है। प्रेसवार्ता के दौरान तहसील क्षेत्र से अधिक से अधिक राजपूत समाज के लोगों से शिविर में भाग लेने की अपील की गई। साथ ही इच्छुक प्रतिभागियों से अपना पंजीयन विक्रम सिंह बिल्यू के माध्यम से करवाने का आग्रह किया गया।

इस दौरान मुलायम सिंह मीतासर, नरपत सिंह मांगासर, सुल्तान सिंह आसूसर, पप्पू सिंह बादड़ियां, नरपाल सिंह रणसीसर, अनोप सिंह शिमला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जन्मदिन पर पुजारी का किया स्वागत

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पंचायत समिति के सामने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारी सदस्य धर्मवीर पुजारी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंडल अध्यक्ष वैद्य भंवरलाल शर्मा के नेतृत्व में मनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्य समिति सदस्य को माला, साफा पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर बधाइयां दी। इस अवसर पर राज्य मंत्री राजेंद्र नायक, मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय माटोलिया, बुद्धि प्रकाश सोनी, मदन भारी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, महेश जोशी, रुपाराम गुलेरिया, बसंत दाधीच, लीलाधर खंडेलवाल, गोपाल गोदारा, देवेन्द्र भाटी, खुशीराम चांदरा, भंवरलाल गिलाण, सौभाग कंवर, बंशीलाल गुर्जर, प्रकाश भार्गव, नोरतन पुरोहित, ओमप्रकाश मेघवाल, नरेंद्र गुर्जर, हिमांशु भाटी, सुमन सामरिया, दलीप चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजीव गांधी को दी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी की अध्यक्षता में नगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजली अर्पित की गई। पुण्यतिथि पर वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट करते हुए गांधी को आधुनिक भारत का निर्माता बताया। इस अवसर पर रेखाराम, कन्हैयालाल माली, राजकुमार शर्मा, बिलाल भूट्टा, मनोज गुलेरिया, लालचंद बैदी, ओंकाराराम, प्रभु सुरोलिया, मुकुल मिश्रा, सलीम क्याल, रामचंद्र गोदारा आदि मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन भी रखा।

## भागवत कथा में गूंजी श्रीकृष्ण बाल लीलाओं की महिमा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री भाटिया बिरादरी प्रबंध समिति के तत्वावधान में आदर्श नगर स्थित भाटिया भवन में आयोजित 108 श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह के पांचवें दिन गुरुवार को श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं विभिन्न प्रसंगों का रसपान किया। समिति अध्यक्ष अजय गांधी ने बताया कि कथा पं जवाहर लाल हर्ष एवं पं शशि भूषण हर्ष के सानिध्य में आयोजित की जा रही है। व्यासपीठ से कथावाचक सुरेश शास्त्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला मानव जीवन को धर्म, प्रेम और भक्ति की प्रेरणा देती है। कथा में श्रीकृष्ण जन्म के बाद गोकुल की बाल लीलाओं, माखन चोरी, दामोदर लीला, वेणु गीत और गिरिराज पूजा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। माखन चोरी प्रसंग में शास्त्री ने कहा कि भगवान भक्तों के हृदय रूपी माखन को प्रेम से जीत लेते हैं। वहीं दामोदर लीला में माता यशोदा के प्रेम के आगे स्वयं भगवान के बंधने का आध्यात्मिक संदेश दिया गया। वेणु गीत प्रसंग में श्रीकृष्ण की मधुर बांसुरी की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया कि भगवान की शरण में आने पर जीवन भी बांसुरी की तरह मधुर बन जाता है। गिरिराज पूजा प्रसंग में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा इंद्र के अभिमान को तोड़कर गोवर्धन पर्वत धारण कर ब्रजवासियों की रक्षा करने की कथा सुन श्रद्धालु जय श्रीकृष्ण के जयघोष से झूम उठे। इस दौरान भाटिया यूथ ब्रिगेड, भाटिया लेडीज क्लब एवं भाटिया मैरिज ब्यूरो के सदस्यों ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती कर विश्व कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। उपाध्यक्ष नितिन भाटिया और हरीश भाटिया ने बताया कि शुक्रवार को रास पंचाध्यायी, कंस वध, भ्रमरगीत और रुक्मिणी विवाह प्रसंग की कथा होगी। कथा का समय प्रतिदिन अपराह्न 3:30 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा।

## माता के जयकारों के साथ वैष्णो देवी की 30वीं विशाल पदयात्रा रवाना



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जय मां वैष्णो देवी सेवा समिति सांगानेर के तत्वावधान में गुरुवार को वैष्णो देवी के लिए 30वीं विशाल पदयात्रा श्रद्धाभक्ति और माता के जयकारों के बीच रवाना हुई। जयपुर से वैष्णो धाम कटरा तक जाने वाली 28 दिवसीय पदयात्रा का शुभारंभ प्रात: मोती डूंगरी गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

समिति के संस्थापक नारायण राजोरिया ने बताया कि पदयात्रा को रामाज रिसॉर्ट निदेशक मोहित टेलर, एडवोकेट दिनेश कुमावत, एडवोकेट रतन लाल शर्मा तथा समाजसेवी श्रवण लाल पंचोली ने धर्म ध्वजा दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अतिथियों ने पदयात्रियों को जय माता दी लिखे दुपट्टे एवं धर्म ध्वजा भेंट कर यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने बताया कि विश्व शांति, प्रदेश में अच्छे मानसून और जनकल्याण की कामना को लेकर इस पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगातार रामधुनी और भजन-कीर्तन किए जाएंगे। समिति की ओर से पदयात्रियों के लिए नि:शुल्क भोजन, नाश्ता और पेयजल की व्यवस्था भी की गई है। भक्ति और उत्साह से सराबोर श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। समिति के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से पदयात्रा में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

## सम्पादकीय

# आदत से लाचार राहुल



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश की समस्याओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और साथ ही गृह मंत्री अमित शाह को जिस तरह गद्दार करार दिया, उससे एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ कि उन्हें रह-रह कर कुछ बेतुके, आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान देने की आदत पड़ गई है और वे इस आदत से लाचार भी हो गए हैं। विशेष बात यह है कि वे कई बार अपने भोंडे और ओछे बयान दोहराते भी रहते हैं और यह प्रतीति भी कराते हैं मानो उन्होंने कोई बहादुरी का काम कर दिखाया हो। उन्होंने गद्दार वाले अपने बयान को दोहराते हुए कहा, आरएसएस वालों सुन लो, मैं कभी माफी नहीं मांगूंगा। मैं फिर कहता हूं कि मोदी और शाह गद्दार हैं, क्योंकि उन्होंने संविधान पर हमला किया है। संविधान खतरे में हैज्, उनका पुराना जुमला है। इसे वे जाने कितनी बार दोहरा चुके हैं। इसी तरह वे एक समय चौकीदार चोर है... का जुमला दोहराते थे। वे प्रधानमंत्री को सैनिकों के खून की दलाली करने वाला और न जाने क्या-क्या कह चुके हैं। हालांकि राहुल गांधी के ऐसे अशोभनीय बयान उन पर ही भारी पड़े हैं, लेकिन वे कुछ समझने के लिए तैयार नहीं।

ऐसा लगता है कि अपनी राजनीतिक विफलताओं से हताश और कुंठित होकर राहुल गांधी इस नतीजे पर पहुंच गए हैं कि प्रधानमंत्री को गाली देने से उनकी लोकप्रियता बढ़ जाएगी और वे राजनीतिक रूप से उनका मुकाबला करने में सक्षम हो जाएंगे। अभी तक तो ऐसा हुआ नहीं और आगे भी नहीं होगा, क्योंकि ओछी और अपमानजनक बयानबाजी विरोध अथवा आलोचना का पर्याय नहीं हो सकती। समस्या यह है कि राहुल यह साधारण सी बात समझने को तैयार नहीं कि राजनीति की अपनी एक भाषा होती है और आलोचना-निंदा का यह मतलब नहीं होता कि किसी के प्रति अशोभनीय टिप्पणियां की जाने लगें। चूंकि वे अपने आगे किसी को कुछ नहीं समझते, इसलिए इसकी अपेक्षा भी नहीं की जा सकती कि वे किसी से कुछ सीखेंगे, लेकिन कम से कम उन्हें अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा से तो यह सीखना ही चाहिए कि शब्दों की मर्यादा लांघे बिना प्रधानमंत्री अथवा उनके सहयोगियों की कड़ी आलोचना कैसे की जा सकती है? इसमें कोई संदेह नहीं कि राहुल की तुलना में प्रियंका कहीं अधिक प्रभावी वक्ता हैं।

राहुल अपने बेतुके बयानों से चर्चा में अवश्य आ जाते हैं, लेकिन इससे उन्हें राजनीतिक रूप से कुछ हासिल नहीं होता। उनकी छवि अक्खड़, अशिष्ट और अगंभीर नेता के रूप में ही अधिक उभरती है। उनकी एक समस्या यह भी है कि वे ऐसे नेताओं से घिरे हैं, जो उनके हर बेतुके बयान की केवल वाह-वाही ही नहीं करते, बल्कि उनमें इसके लिए होड़ भी मचती है कि कौन कितनी अधिक अशिष्ट बयानबाजी कर सकता है।

## ● विशेष आलेख

# शुभेन्दु के सत्ता में आते ही बिलों में जा छिपे टीएमसी के गुंडे! ट्रक चालकों से लिया जाने वाला भाइपो टैक्स खत्म

शुभेन्दु अधिकारी के पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का पद संभालते ही राज्य में तृणमूल कांग्रेस के गुंडाराज पर लगाम लगती दिखाई देने लगी है। इसका सबसे बड़ा फायदा झारखंड समेत सीमावर्ती राज्यों और पश्चिम बंगाल के बीच सफर करने वाले ट्रक चालकों को होता दिख रहा है। वर्षों से जिन मार्गों पर 'भाइपो टैक्स' और 'डंडा टैक्स' के नाम पर टीएमसी समर्थित गुंडों द्वारा अवैध वसूली की जाती थी, वहां अब माहौल तेजी से बदल रहा है। ट्रक चालकों का कहना है कि जो लोग पहले बांस की बैरिकेडिंग लगाकर जबरन उगाही करते थे, वह अब कार्रवाई के डर से अपने बिलों में छिप गए हैं। सीमा पार करते समय नकद वसूली, धमकी, घंटों रोककर उत्पीड़न और वाहन को क्षति पहुँचाने जैसी घटनाओं में अचानक कमी आई है, जिससे लंबे समय बाद ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों ने राहत की सांस ली है। हम आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल और झारखंड की सीमा से गुजरने वाले वाणिज्यिक वाहनों के चालकों के लिए पिछले कई दशकों से सफर केवल लंबी दूरी तय करने का मामला नहीं था, बल्कि रास्ते भर अवैध वसूली, धमकियों और देरी का सामना करने की मजबूरी भी थी। सीमा पार करते ही कई ट्रक चालकों को गिरोहों द्वारा लगाए गए अवैध नाकों, बांस की बैरिकेडिंग और डंडों से लैस लोगों का सामना करना पड़ता था। इन स्थानों पर नकद वसूली आम बात थी और विरोध करने पर चालकों को घंटों रोके रखना, गालियां देना, गाड़ी के शीशे तोड़ देना या टायर पंचर कर देना जैसी घटनाएं भी सामने आती थीं। अब हालात में अचानक बदलाव दिखाई दे रहा है।



पश्चिम बंगाल में नौ मई को भाजपा सरकार बनने के बाद प्रशासन ने टीएमसी के उगाही केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश जारी किया। राज्य सरकार ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अवैध वसूली नाके तुरंत हटाए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे दोबारा सक्रिय नहीं हो सकें। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग दो और उससे जुड़ी राज्य सड़कों पर पहले की तुलना में यातायात काफी सुचारु हो गया है।

झारखंड, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों और बांग्लादेश के बीच माल ढुलाई करने वाले ट्रक चालकों का कहना है कि पिछले दो सप्ताह में उत्पीड़न और अवैध वसूली की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। गौरतलब है कि प्रतिदिन लगभग पचास हजार ट्रक पश्चिम बंगाल से होकर गुजरते हैं। पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर क्षेत्र और बांग्लादेश के पांच प्रमुख पारगमन मार्गों को जोड़ने वाला यह राज्य देश की परिवहन व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में सड़क परिवहन में आने वाली बाधाओं का असर व्यापार, आपूर्ति और समयबद्ध वितरण पर सीधा पड़ता था।

पश्चिम बंगाल ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन महासंघ के महासचिव सजल घोष ने बताया कि यहां दो तरह की अनौपचारिक वसूली आम थी, जिन्हें स्थानीय लोग 'भाइपो टैक्स' और 'डंडा टैक्स' के नाम से जानते थे। उन्होंने कहा कि 'भाइपो टैक्स' यानि भतीजा लगभग समाप्त हो गया है, लेकिन अब जरूरत इस बात की है कि 'डंडा टैक्स' भी पूरी तरह खत्म किया जाए। उल्लेखनीय है कि 'भाइपो टैक्स' शब्द का इस्तेमाल तृणमूल कांग्रेस सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की ओर संकेत करते हुए किया जाता रहा है।

वहीं, मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, झारखंड के मिहिजाम सीमा क्षेत्र के पास रुपनारायणपुर इलाके में ट्रक चालकों और स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले सड़क किनारे कई स्थानों पर अवैध वसूली होती थी, लेकिन अब वहां यातायात बिना किसी रुकावट के चल रहा है। एक स्थानीय ई-रिक्शा चालक ने मीडिया से कहा कि चार मई के बाद से अधिकांश अवैध वसूली केंद्र बंद हो गए हैं। चालकों का कहना है कि पश्चिम बर्धमान और पुरुलिया जिलों में अनेक जगहों पर पैसे देने के लिए रोका जाता था। यदि कोई चालक भुगतान से इंकार करता था तो उसे घंटों परेशान किया जाता था। एक ट्रक चालक ने मीडिया को बताया कि पहले हर कुछ किलोमीटर पर बांस की बैरिकेडिंग लगी रहती थी और सड़क पर खड़े लोग जबरन पैसे मांगते थे। यदि कोई चालक रसीद मांगता था तो माहौल तुरंत तनावपूर्ण हो जाता था। भुगतान से इंकार करने पर वाहन के शीशे तोड़ दिए जाते थे या टायर पंचर कर दिए जाते थे। कई चालकों ने आरोप लगाया कि इन गतिविधियों के पीछे संगठित गिरोह सक्रिय थे, जो लंबे समय से हाईवे पर प्रभाव बनाए हुए थे।

सबसे अधिक परेशानी जल्दी खराब होने वाले सामान ढोने वाले वाहन चालकों को उठानी पड़ती थी। सब्जियां, मछली और अन्य नाशवान वस्तुओं को समय पर बाजार तक पहुंचाना बेहद जरूरी होता है। अखिल झारखंड ड्राइवर ट्रेड यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद आकिल सोनू ने कहा कि हर घंटे की देरी से नुकसान बढ़ता था, लेकिन वसूली करने वाले गिरोहों को इससे कोई मतलब नहीं था कि माल खराब हो रहा है या व्यापारियों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। ट्रक चालकों का कहना है कि मौजूदा कार्रवाई से उन्हें काफी राहत मिली है। अब कई मार्गों पर बिना अनावश्यक रुकावट के आवाजाही हो रही है और माल समय पर पहुंचने लगा है। हालांकि चालक और परिवहन संगठन यह भी मानते हैं कि केवल अस्थायी कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी। यदि प्रशासन लगातार निगरानी नहीं रखता तो भविष्य में ऐसे अवैध नाके दोबारा सक्रिय हो सकते हैं। बहरहाल, राज्य में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और गुंडाराज पर सख्ती से अंकुश लगाने की दिशा में मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी द्वारा उठाए गए कदमों की आम लोगों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े संगठनों के बीच व्यापक सराहना हो रही है। ट्रक चालकों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि लंबे समय बाद उन्हें सड़कों पर भयमुक्त माहौल महसूस हो रहा है। लोगों का मानना है कि यदि इसी तरह प्रशासनिक सख्ती जारी रही तो पश्चिम बंगाल में व्यापार, परिवहन और निवेश का माहौल और बेहतर होगा तथा आम नागरिकों का शासन व्यवस्था पर भरोसा भी मजबूत होगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# स्किन और बालों के लिए इन तरीकों से इस्तेमाल करें लीची

लीची गर्मियों का सुपरफूड है। हम में से ज्यादातर लोग गर्मियों में लीची का सेवन करते हैं। यह एक बेहतरीन फल है जो न सिर्फ आपको शारीरिक लाभ प्रदान करता है, बल्कि यह बालों और त्वचा के लिए भी कई तरह से फायदेमंद है। गर्मियों के लीची के सेवन से शरीर ठंडा रहता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं। लीची में कई शरीर के लिए जरूरी कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जैसे पोटेशियम, मैग्नीशियम, विटामिन सी, बी6, फाइबर, प्रोटीन, फास्फोरस आदि मौजूद होते हैं। जिससे यह सेहत को कई लाभ प्रदान करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं अपने ब्यूटी केयर रूटीन में लीची को शामिल करना आपके त्वचा और बालों के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है? जी हां, आपने बिल्कुल सही पढ़ा है। यह आपके त्वचा और बालों के लिए चमत्कार कर सकती है। आप सिर्फ लीची को सीधे तौर पर खाकर ही नहीं, इसे सीधे त्वचा और बालों पर अप्लाई कर सकते हैं और इसके लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



### बालों के लिए बहुत फायदेमंद है

लीची आयरन का अच्छा स्रोत है। जिससे यह बालों के रोम और स्कैल्प को पोषण प्रदान करने में सहायक है। इससे बालों का झड़ना कम होता है और बालों का विकास तेजी से होता है।

### कसे करें इस्तेमाल

5 लीची का रस निकाल लें और इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिक्स करें। इस मिश्रण को बालों के रोम और स्कैल्प पर लगाएं और अच्छी तरह मालिश करें। आधे घंटे के लिए छोड़ दें फिर शैंपू से धो लें।

### उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में मददगार है

लीची त्वचा की महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करने में मदद कर सकती है। लीची में एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। साथ ही कई जरूरी विटामिन और मिनरल्स भी मौजूद होते हैं। यह फ्री रेडिकल्स से लड़ने में मदद करती है और त्वचा की मृत कोशिकाओं को हटाती है। साथ ही त्वचा को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाती है।

### कैसे करें इस्तेमाल

जिंग के लक्षणों को कम करने के लिए एक पका हुआ केला लें और उसमें 3-4 लीची छीलकर डालें। कैसे और लीची को अच्छी तरह मैश करें और इसका एक चिकना पेस्ट तैयार कर लें। आप इस पेस्ट को फेस मास्क की तरह इस्तेमाल कर कर सकते हैं। इसे 15 मिनट के लिए त्वचा पर लगाकर छोड़ दें। फिर बाद में ठंडे पानी से धो लें।

# बच्चों के लिए फायदेमंद होते हैं फाइबर से भरपूर ये फूड्स

फाइबर शरीर के लिए एक आवश्यक तत्व होता है जो पाचन तंत्र को सही ढंग से काम करने में मदद करता है और भूख शांत होने में भी लाभदायक होता है। इसका सेवन करने से पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे गैस, उल्टियां, कब्ज आदि का समाधान किया जा सकता है। यह एक प्राकृतिक प्री-बायोटिक का काम करता है जो पेट और पाचन तंत्र के स्वास्थ्य के लिए बढ़िया है। आपको बचपन से ही बच्चों को फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों को खाने की आदत डाल देनी चाहिए ताकि वह बाद में इस तरह के खाने को खाते समय नखरे आदि न करें।

**किस उम्र में कितना फाइबर खाने की जरूरत पड़ती है :** हर व्यक्ति को रोजाना लगभग 1000 कैलोरी के लिए 14 ग्राम फाइबर की जरूरत होती है। जबकि 1 से 3 साल के बच्चे के लिए लगभग 19 ग्राम, 4 से 8 साल के बच्चे के लिए लगभग 24-25 ग्राम, 9 से 18 साल की लड़कियों के लिए रोजाना लगभग 25 ग्राम, 9 से 13 साल के लड़कों के लिए रोजाना लगभग 28-30 ग्राम और 14 से 18 साल के लड़कों के लिए लगभग 37-38 ग्राम फाइबर रोजाना जरूरत होती है ताकि उनका पाचन ठीक रहे और ओवर ईटिंग, मोटापे से बच सकें। बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम रहे और किसी भी तरह की रिस्की बीमारी से बचे रहें।




**सब्जियां :** बच्चों का खाना जब शुरू करवाया जाए तो उन्हें शुरू में ही सब्जियां देनी शुरू कर देनी चाहिए। सब्जी बहुत से पौष्टिक तत्वों और डाइट्री फाइबर का एक अच्छा स्रोत होती है। इसके अलावा सब्जियों में सिंपल कार्ब्स भी नहीं होते हैं। कुछ हाई फाइबर से भरपूर सब्जियों में पालक, ब्रोकली, बीन, शकर कंद, कॉर्न, गाजर आदि शामिल होती हैं। अच्छी तरह से पकने के बाद ही इन सब्जियों को बच्चों को खिलाएं क्योंकि कच्ची सब्जी बच्चों को अच्छे से पच नहीं पातीं। बच्चों को पकी हुई सब्जियां छोटे छोटे टुकड़ों में काट कर दें ताकि वह उन्हें खुद ही उठा कर खा सकें।

**ड्राई फ्रूट्स :** एक साल के बच्चे को ड्राई फ्रूट ज्यादा न दें क्योंकि वह उनके गले में अटक सकता है, जिससे चोकिंग की समस्या का रिस्क बना रहता है। इसलिए एक साल से ऊपर की उम्र के बच्चे को ही ड्राई फ्रूट्स देने चाहिए। बच्चे को कभी भी पूरा ड्राई फ्रूट न दें, बल्कि पहले इन्हें छोटे छोटे टुकड़ों में चाप कर दें और फिर अपने हाथों से ही बच्चे को खिलाएं ताकि वह एक समय में ज्यादा का सेवन न कर सके।

**होल ग्रेन :** जैसे ही बच्चे ठोस खाना शुरू कर देते हैं वैसे ही आपको उनकी डाइट में सीरियल्स और ग्रेंस को एड करना शुरू कर देना चाहिए। ऐसा करने से उन्हें मील में अलग अलग वैरायटी मिल सकेगी जिस वजह से वह खाना एंजॉय कर सकेंगे। कुछ ऑप्शन जो आप बच्चों को दे सकते हैं वे हैं चावल, जौ, होल व्हीट, ज्वार आदि। आप क्विनोआ और रागी से बनने वाले कुछ स्यूडो सीरियल्स भी बच्चे को खिलाना शुरू कर सकते है। इन चीजों को अलग अलग कॉम्बो के साथ दें जिससे बच्चे इस खाने को एंजॉय कर सकें।

**फल :** फलों में डाइट्री फाइबर के साथ साथ अन्य भी काफी सारे पौष्टिक तत्व होते हैं। साथ ही फल काफी स्वादिष्ट और मीठे भी होते है जिनसे बच्चे आसानी से इनका सेवन कर लेते हैं। बच्चे को एक दिन में कम से कम एक फल तो रोज खिलाने की कोशिश करें। कुछ हाई फाइबर फलों में तरबूज, खरबूज, सेब, केला, स्ट्राबेरी और ब्लैक बेरी शामिल हैं और आप इन्हे अच्छे से धोने के बाद ही बच्चे को छोटे छोटे टुकड़े में काट कर खिलाएं।

**दाल और फलियां :** दाल और फलियों को प्रोटीन और माइक्रो न्यूट्रिएंट्स का एक अच्छा स्रोत माना जाता है। इनमें आयरन, पोटेशियम, फोलेट जैसे तत्व होते हैं। साथ ही यह डाइट्री फाइबर का भी एक अच्छा स्रोत होते हैं। इस प्रकार के ग्रुप के खाद्य पदार्थ बच्चों को जरूर दें जैसे चना, राजमा, मटर, मसूर की दाल और काबुली चना।

# हार्मोन्स को बैलेंस रखना है, तो खाएं यह ग्लूटेन फ्री अनाज

शरीर में हार्मोन्स के संतुलन के लिए आपके पेट का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है। अपने पेट को स्वस्थ रखने के लिए सही फूड्स का सेवन करना बहुत जरूरी है। लेकिन कुछ फूड्स सभी लोगों के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं जैसे अनाज। कुछ अनाज में ग्लूटेन (एक तरह का प्रोटीन) होता है, जिसे सभी लोगों के लिए पचा पाना मुश्किल होता है। कई लोगों को ग्लूटेन से एलर्जी भी होती है, अगर वे इसका सेवन करते हैं तो उन्हें एलर्जी और वजन बढ़ने के साथ ही कई अन्य समस्याएं भी हो सकती हैं।

**समक राइस :** यह पाचन को बेहतर बनाने के लिए बहुत फायदेमंद है। यह ब्लोटिंग, पेट में गैस और कब्ज जैसी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद करता है। शरीर में ब्लड शुगर लेवल को रेगुलेट रखता है और गट हेल्थ को बेहतर बनाता है। आप पेट को स्वस्थ रखने के लिए समक राइस और हरी मूंग दाल का सेवन कर सकते हैं।



**ज्वार :** यह सिर्फ आपके पाचन के लिए ही नहीं, बल्कि हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए भी बहुत फायदेमंद है। साथ ही ज्वार के सेवन से इंसुलिन संवेदनशीलता में भी सुधार होता है। आप ब्रेकफास्ट में ज्वार का डोसा बनाकर खा सकते हैं और इसके साथ पुदीने की चटनी का सेवन भी कर सकते हैं। यह मीठा खाने की क्रेविंग को रोकने में मदद करता है।

**पेरबोइल्ड राइस या आधे पके चावल :** ये विटामिन बी से भरपूर होते हैं। जिससे यह शरीर में हार्मोन्स को बैलेंस करने में मदद करते हैं। आपके पेट को स्वस्थ रखता है और आंत के माइक्रोबायोटा को बढ़ाता है। आप दोपहर में पेरबोइल्ड राइस का पुलाव बनाकर खा सकते हैं और इसके साथ में चुकंदर का रायता सर्व कर सकते हैं।

**ओट्स :** ओट्स घुलनशील फाइबर का बेहतरीन स्रोत है। यह आपके पेट के लिए बहुत फायदेमंद है और तृप्ति को बढ़ावा देता है। यह आंत के बैक्टीरिया को पोषण प्रदान करने और उन्हें बहाल करने में मदद करता है। आप चिया पुडिंग में ओट्स मिलाकर सेवन कर सकते हैं या सिर्फ ओट्स बनाकर भी खा सकते हैं।

**रागी :** यह मल त्याग की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है और कब्ज की समस्या से छुटकारा दिलाती है। साथ ही रागी आयरन का बेहतरीन स्रोत है, जिससे यह थकान की समस्या में सुधार करती है।

## आज का राशिफल

**मेष**

यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी।

**वृष**

किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी। नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे।

**मिथुन**

तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के योग हैं। परिवार व स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है। शत्रुता में वृद्धि होगी। अज्ञात भय रहेगा। थकान महसूस होगी।

**कर्क**

परिवार की आवश्यकताओं के लिए भागदौड़ तथा व्यय की अधिकता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। कार्य की गति धीमी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। निवेश करने का समय नहीं है।

**सिंह**

जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्यवसाय धीमा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी की नाराजी झेलनी पड़ सकती है। परिवार में मनमुटाव हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय सोच-समझकर करें। निवेश करने से बचें। व्यापार ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**कन्या**

किसी अपरिचित की बातों में न आएं। धनहानि हो सकती है। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**तुला**

कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें। यात्रा लाभदायक रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। वस्तुएं संभालकर रखें।

**वृश्चिक**

दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है।

**धनु**

किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है, सावधान रहें। निवेश शुभ रहेगा।

**मकर**

व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा।

**कुंभ**

कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा।

**मीन**

अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कार्य पर ध्यान दें।

# 29 मई को बनेगा लक्ष्मी नारायण योग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** बुध ग्रह 29 मई को मिथुन राशि में प्रवेश करेंगे, जहां पहले से शुक्र ग्रह विराजमान हैं। बुध और शुक्र की इस युति से अत्यंत शुभ माने जाने वाला लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। ज्योतिष शास्त्र में इस योग को धन, वैभव, सुख-समृद्धि और करियर में उन्नति का कारक माना गया है। इसका विशेष प्रभाव कुछ राशियों के जातकों पर देखने को मिलेगा। पंडित श्रीकृष्ण चंद्र गौड़ ने बताया कि ग्रहों का राशि परिवर्तन कई शुभ योगों का निर्माण करता है, जिसका असर सभी 12 राशियों पर पड़ता है।

**वृषभ राशि:** इस राशि के जातकों को करियर और व्यापार में लाभ मिलने के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। रुका हुआ धन वापस मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मिथुन राशि:** बुध और शुक्र की युति मिथुन राशि में होने से इस राशि के लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। नौकरी और व्यापार में सफलता के योग हैं। नई नौकरी या प्रमोशन की संभावना बन रही है।

**सिंह राशि:** सिंह राशि वालों के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और लंबे समय से रुके कार्य पूरे होने के योग हैं।

**कन्या राशि:** कन्या राशि के जातकों को व्यापार और करियर में लाभ मिलने की संभावना है। नई डील और निवेश से फायदा होगा तथा आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह शुभ योग कई लोगों के लिए आर्थिक मजबूती, नई उपलब्धियां और सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है।

# सानिध्य ने स्टेट लेवल पर जीता गोल्ड मेडल

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर में आयोजित 5वीं सब-जूनियर स्टेट ताइक्कांडो चैंपियनशिप में पिपराली सर्किल, सीकर स्थित प्रिंस लोटस वैली स्कूल के सानिध्य ने गोल्ड मेडल जीता है। इस सफलता से सानिध्य का चयन नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप हेतु हुआ है। नेशनल लेवल पर चयन होने पर प्रबंध निदेशक मनोज ढ़ाका एवं प्रिंसिपल प्रोमिला यादव ने सानिध्य एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

# करोड़ों के मादक पदार्थों के साथ विदेशी महिला गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर में राजस्व आसूचना निदेशालय ने नार्कोटिक्स तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अफ्रीकी मूल की एक विदेशी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला भारी मात्रा में करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ लेकर बस से मुंबई जा रही थी। केंद्रीय जांच एजेंसियां अब इस अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य कनेक्शनों और स्थानीय मददगारों की सरगर्मी से पड़ताल कर रही हैं। डीआरआई के अधिकारियों के अनुसार उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक विदेशी महिला भारी मात्रा में प्रतिबंधित मादक पदार्थों की खेप लेकर बस के जरिए सफर कर रही है। इस सटीक सूचना के आधार पर डीआरआई की टीम ने 19 मई को जयपुर में नाकाबंदी की और मुंबई जा रही एक ट्रैवल बस को रुकवाया। बस में सवार संदिग्ध विदेशी महिला के सामान की सघन तलाशी लेने पर अधिकारी भी हैरान रह गए। विदेशी महिला ने गिरफ्तारी से बचने के लिए बेहद शातिराना तरीका अपनाया था। उसने नशे की इस भारी खेप को अपने ट्रॉली बैग के अंदर कपड़ों और तकिये के कवर में छिपाकर रखा था ताकि किसी को शक न हो। लेकिन डीआरआई की पैनी नजरों से वह बच नहीं सकी। टीम ने महिला के बैग से मेथामफेटामाइन 2256 ग्राम, कोकीन/मेथाक्वालोन 142 ग्राम, एमडीएमए 46 ग्राम बरामद कर ली।

### अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करोड़ो रुपये है कीमत

पकड़े गए इन सिंथेटिक और हाई-प्रोफाइल ड्रग्स की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 2.56 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। डीआरआई की टीम ने आरोपी महिला को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। महिला से कड़ी पूछताछ की जा रही है कि उसने यह ड्रग्स कहां से ली थी और मुंबई में इसे किसे डिलीवर किया जाना था।

# पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं मिलने पर 4 मैरिज गार्डन सीज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नगर निगम जयपुर द्वारा शहर में नियमों की पालना सुनिश्चित करने एवं आमजन को सुव्यवस्थित नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशानुसार मानसरोवर जोन में विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले विवाह स्थलों एवं डेयरी बूथों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। उपायुक्त मानसरोवर जोन लक्ष्मीकांत कटारा के नेतृत्व में राजस्व अधिकारी एवं राजस्व टीम ने सतर्कता शाखा के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न विवाह स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 4 विवाह स्थलों में नियमानुसार 25 प्रतिशत पार्किंग व्यवस्था नहीं पाए जाने पर चार मैरिज गार्डनों को सीज किया गया। विवाह स्थलों में स्वर्ण गार्डन न्यू सांगानेर रोड, मानसरोवर, बालाजी पैलेस सिरसी रोड, भांकरोटा, के.के. पैराडाईज कीर्ति सागर, मांग्यावास, मानसरोवर, एवं उत्सव मैरिज गार्डन पंचोली विहार विस्तार, नारायण विहार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अभियान के दौरान पांच डेयरी बूथों पर तम्बाकू उत्पादों का विक्रय पाया गया, जिस पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शहर में नियमों की अवहेलना करने वाले संस्थानों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 27 को

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ माहेश्वरी सभा ट्रस्ट, शंकरा आई हॉस्पिटल व जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 39 वां निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 27 मई माहेश्वरी भवन होगा। शिविर प्रभारी व ट्रस्टी नरेंद्र झंवर ने बताया कि इन्द्रचन्द थर्ड वेलफेयर ट्रस्ट कोलकाता के द्वारा लगने वाले शिविर में मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व आधुनिक तकनीक द्वारा बिना टांके का ऑपरेशन जयपुर ले जाकर किया जाएगा। शिविर में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं पूर्णता निःशुल्क रहेगी।

# गौधन को गुड़ एवं हरा चारा खिलाकर मनाया पुजारी का जन्मदिन

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध सालासर बालाजी धाम के पुजारी एवं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी का जन्मदिन स्थानीय पिंजरापोल गौशाला में गौधन को गुड़ एवं हरा चारा खिलाकर मनाया। भाजपा के पूर्व शहर मण्डल अध्यक्ष अरविन्द इंदौरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुँह मीठा करवाकर पुजारी के जन्मदिन पर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर कुसुमदेसर के पूर्व सरपंच पवन सिंह राठौड़ एवं पूर्व पार्षद अरविन्द इंदौरिया ने धर्मवीर पुजारी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की पुजारी ने अपने जिलाध्यक्ष पद का निर्वहन करते हुए एक कुशल संगठनकर्ता रूप में कार्य किया था। उन्होंने अपने पद पर रहते हुए निर्भीक एवं निडर होकर निर्णय लेकर एक साहसी अध्यक्ष होने का परिचय दिया था। वे हमेशा सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते हुए कार्यकर्ताओं का मान सम्मान बढ़ाने में अथक प्रयास करते थे। सभी कार्यकर्ताओं ने पुजारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्वस्थ एवं प्रसन्न रहते हुए दीर्घायु प्राप्त करने की कामना की। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व ओबीसी अध्यक्ष मोहनलाल बबेरवाल, प्रकाशचंद्र पारीक, शंकरलाल कम्मा, हनुमान बारवाल, अनूप पीपलवा, रामकृष्ण माटोलिया, कालूराम भार्गव, पूर्णमल गोदारा, मदनलाल सैनी, भरत सैनी, नारायण प्रसाद दायमा, बंशीधर स्वामी, रामौतार रक्षक, गौरीशंकर कम्मा, नेमीचंद हारित, मुंशीराम गौड़, लीलाधर प्रजापत, रामचंद्र ठेकेदार, पवन कुमार तिवाड़ी, परमेश्वर लाल प्रजापत, नूर मोहम्मद, बुला भाटी, सीताराम महर्षि, राधेश्याम महर्षि, विष्णु स्वामी, सुरजमल स्वामी, नवल शर्मा, दिनेश रांकावत, मुरारीलाल सांखोलिया, राधेश्याम शर्मा, शिवा शर्मा, पूनमचंद सोनी, महेश भार्गव, गिरधारी भार्गव, कन्हैया लाल स्वामी, पवन मिस्त्री, संजय धर्ड़, सुनील जोशी, इशाक मोहमद, ईश्वर बबेरवाल, किशन जांगिड़, रामगोपाल पारीक, पवन धर्ड़, बीरबल भार्गव, राकेश सोनी, पुष्कर स्वामी, दौलतराम, श्रीराम खटीक आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बिचून में बनेगा माटी कला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## कलाकारों को मिलेगा आधुनिक प्रशिक्षण और रोजगार

निसं




जयपुर (नवयत्न)। प्रदेश में पारंपरिक माटी कला को नई पहचान दिलाने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की घोषणाओं के तहत जयपुर के बिचून औद्योगिक क्षेत्र में माटी कला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से माटी कलाकारों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, बेहतर संसाधन और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने बताया कि पिछले दो वर्षों में बोर्ड को पिछले दस वर्षों की तुलना में अधिक बजट मिला है, जिससे माटी कला क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित हुई हैं। उन्होंने कहा कि राज्यभर के माटी कलाकारों और कामगारों के आर्टिजन कार्ड बनाए जाएंगे तथा इसके लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बजट वर्ष 2026-27 के तहत 5 हजार विद्युत चालित चाक और मिट्टी गूंथने की मशीनों का वितरण किया जाएगा, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही इस वर्ष 100 माटी कला प्रशिक्षकों को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। कलाकारों को राज्य के बाहर विशेष प्रशिक्षण भी दिलाया जाएगा। गत वर्ष 25 कलाकारों को उत्तर प्रदेश के खुर्जा में प्रशिक्षण दिया गया था। प्रहलाद राय टाक ने प्रजापत-कुम्हार समाज की आराध्या श्रीयादे माता का पैनोरमा बनाए जाने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इससे समाज में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

उन्होंने बताया कि माटी कलाकारों के बच्चों को छात्रवृत्ति और स्कूटी योजना से जोड़ने के लिए भी सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक और उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त नीलाभ सक्सेना ने उद्योग भवन परिसर में परिण्डे लगाकर आमजन से भी गर्मी में पक्षियों के लिए परिण्डे लगाने की अपील की। वहीं माटी राजस्थान री पुस्तक का विमोचन भी किया गया, जिसमें बोर्ड के पिछले दो वर्षों के कार्यों और योजनाओं का विवरण शामिल है।

# गंगा दशमी पर 20 बटुकों का होगा सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** गंगा दशमी के पावन अवसर पर 25 मई को राधा माधव जी मंदिर में 20 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक विधि-विधान के साथ आयोजित किया जाएगा। आयोजन श्री गोविन्द देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी एवं संत-महंतों के सान्निध्य में अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर गुरुवार को गोविंद धाम में सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने कार्यक्रम के पोस्टर का विधिवत पूजन किया। वहीं चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में प्रथम पूज्य भगवान गणेश को आयोजन का निमंत्रण अर्पित किया गया। मंदिर महंत अमित शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कराई। वेदाचार्य डॉ. प्रशांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्वतजनों द्वारा ग्रह शांति पूजन कराया जाएगा तथा अभिजीत मुहूर्त में संत-महंतों और परिजनों की उपस्थिति में बटुकों को वैदिक परंपरा अनुसार यज्ञोपवीत धारण करवाया जाएगा। गणेश निमंत्रण कार्यक्रम में सुदर्शनाचार्य महाराज, रामरज दास त्यागी एवं धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडे सहित कई संत-महंत उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने समाज बंधुओं से कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

# जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल कल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** शहर के प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 23 मई को शास्त्रीनगर स्थित साइंस पार्क में जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल-2026 का आयोजन किया जाएगा। इसमें गायन, वादन और नृत्य की त्रिवेणी प्रवाहित होगी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. श्रीराम शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से होगा। इसमें 200 कलाकार भाग लेंगे। जयपुर म्यूजिक फेस्टिवल में गायन प्रस्तुतियों के अंतर्गत एकल प्रस्तुति, युगल प्रस्तुति एवं समूह प्रस्तुति श्रेणियां रखी गई हैं। वहीं वाद्य संगीत प्रस्तुतियों को भी विशेष स्थान दिया गया है। समूह प्रस्तुति के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जिनमें श्रेणी, में 4 प्रतिभागी, श्रेणी बी में 6 प्रतिभागी तथा श्रेणी सी में 8 से 10 प्रतिभागी शामिल होंगे।

# वीरांगनाओं एवं पूर्व सैनिकों की विधवाओं के लिए 1 बीएचके फ्लेट उपलब्ध

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि सभी वीरांगनाएं, फिजिकल कैजुअल्टी एवं पूर्व सैनिकों की विधवाएं, जिनकी आयु 45 वर्ष से कम है तथा जिनके 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे सीकर के किसी भी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत हैं, उनके लिए वीरांगना आवास में अस्थाई निवास के लिए आवश्यक फर्नीचर से सुसज्जित 1बीएचके फ्लेट ग्राम में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इन फ्लेट्स में अस्थाई निवास के लिए मासिक किराया 1000 रुपये निर्धारित किया गया है। बिजली एवं पानी का खर्च अलग से देय होगा। आवास परिसर में निःशुल्क वाई-फाई सुविधा तथा 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पात्र एवं जरूरतमंद वीरांगनाएँ एवं विधवाएं आवश्यक दस्तावेजों के साथ किसी भी कार्यदिवस को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सीकर में उपस्थित होकर आवेदन कर सकती हैं।

# 25 मई से शुरू होगा नौतपा, 9 दिन झुलसाएगी भीषण गर्मी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में प्रचंड गर्मी का प्रतीक माने जाने वाले नौतपा की शुरुआत 25 मई से होगी, जो 2 जून तक चलेगा। इस दौरान लगातार नौ दिनों तक भीषण गर्मी और लू का असर देखने को मिलेगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इस अवधि में तापमान अपने चरम पर पहुंच सकता है, जिससे आमजन को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत होगी। पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि नौतपा का संबंध सूर्य की चाल और नक्षत्रों से जुड़ा होता है। 25 मई को अपराह्न 3:44 बजे सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा प्रारंभ होगा। रोहिणी नक्षत्र को अत्यधिक ताप देने वाला माना जाता है, इसलिए इस दौरान सूर्य की किरणें अधिक तीव्र हो जाती हैं। उन्होंने बताया कि नौतपा में यदि अच्छी गर्मी पड़ती है तो इसे अच्छे मानसून का संकेत माना जाता है। वहीं इन नौ दिनों में बारिश होना मानसून के कमजोर रहने का संकेत माना जाता है। वहीं शर्मा ने बताया कि इस दौरान डिहाइड्रेशन और लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस का सेवन करना चाहिए। साथ ही हल्का एवं सुपाच्य भोजन लेने और दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक तेज धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि तरबूज, खरबूजा और ककड़ी जैसे मौसमी फल शरीर को ठंडक पहुंचाने में सहायक होते हैं।

# जिले के14 शहरी निकायों में एसडीएम द्वारा किया गया संयुक्त फील्ड विजिट

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशानुसार गुरूवार को 14 शहरी स्थानीय निकायों के उपखंड अधिकारियों (एसडीएम) ने अपने-अपने शहरी क्षेत्रों में नगर पालिकाओं के अधीशाषी अधिकारियों एवं पीएचईडी विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से फील्ड विजिट किया गया। इस निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने जिलें में पेयजल आपूर्ति की स्थिति, नालों एवं नालियों की सफाई, मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा, जलभराव की आशंका वाले क्षेत्रों की पहचान तथा पीएचईडी, यूएलबी एवं अन्य एजेंसियों के लंबित मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्यों की स्थिति का विस्तृत निरीक्षण किया गया।

इसके अतिरिक्त बिजली, पानी कनेक्शन अथवा संचालन की प्रतीक्षा में पड़े नवनिर्मित ट्यूबवेलों की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि फील्ड विजिट के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी या कम दबाव की समस्या, हैंडपंप, ट्यूबवेल एवं पानी टैंकरों के संचालन, नालों की सफाई की स्थिति, मानसून पूर्व गाद निकालने की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान, चल रहे एवं लंबित कार्यों की प्रगति तथा जलभराव संभावित स्थलों का निरीक्षण सुनिश्चित किया गया। निरीक्षण के उपरांत संबंधित अधिकारियों ने विस्तृत फील्ड रिपोर्ट जिला कलेक्टर को प्रस्तुत की गई जिसमें दौरा किए गए क्षेत्रों का विवरण, प्रमुख अवलोकन, मौके पर दिए गए निर्देश, अनुपालना की समय-सीमाए प्राप्त जन.शिकायतें एवं फोटोग्राफ्स सम्मिलित किए गए।

# अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के अन्तर्गत हुई पंजीकृत

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी के प्रतिनिधि विनोद बच्छावत के सान्निध्य में अणुव्रत समिति की ट्रस्ट डीड संबंधी कार्यवाही संपूर्ण होने के साथ ही अब स्थानीय समिति अणुविभा की प्रतिनिधि संस्था के रूप में पंजीकृत हो गई है। समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने बताया कि अणुविभा के निर्देशानुसार बच्छावत के मार्गदर्शन तैयार की गई ट्रस्ट डीड का तहसील कार्यालय में पंजीकरण करवाया गया। केंद्रीय प्रतिनिधि विनोद बच्छावत ने कहा कि इस अनुबंध से समिति द्वारा संपादित कार्यों व गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरी तत्परता के साथ अल्प समय में करवाने के लिए डॉ त्र्यंबक शर्मा का विशेष आभार प्रकट किया। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़ ने अणुव्रत आंदोलन को गति प्रदान करने का आह्वान करते हुए आगामी 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच सौ ईको फ्रेंडली कैरी बैग्स वितरित करवाने की घोषणा की । इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अरुण रामगढ़िया, सह मंत्री नरेन्द्र सांकृत्य, कार्यकारिणी सदस्य दौलत राम दायमा तथा परामर्शद प्रताप बोथरा आदि उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना : पांच जून को जयपुर से जाएगी द्वारका-नागेश्वर-सोमनाथ के लिए विशेष ट्रेन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देवस्थान विभाग राजस्थान सरकार की ओर से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा के तहत विशेष धार्मिक पर्यटक ट्रेन का संचालन 5 जून को किया जाएगा। यह ट्रेन जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से दोपहर करीब 3 बजे दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। प्रदेशभर के लगभग 1000 वरिष्ठजन द्वारका, नागेश्वर और सोमनाथ के दर्शन के लिए विशेष ट्रेन से जाएंगे। यह विशेष ट्रेन 5 जून को जयपुर से रवाना होंगे। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस विशेष ट्रेन में जयपुर के अलावा अजमेर व आबू रोड स्टेशन से भी वरिष्ठजन सवार होंगे। देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि यह यात्रा वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत चयनित उन श्रद्धालुओं के लिए आयोजित की जा रही है, जो पहले किसी कारणवश यात्रा पर नहीं जा सके थे। इसके लिए सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश भेज दिए गए हैं। जिस जिले में जितने यात्री प्रतीक्षा लिस्ट में हैं, उसी अनुपात में उन्हें इस यात्रा में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अजमेर और आबू रोड स्टेशन पर करीब 20 मिनट का ठहराव रहेगा, जहां यात्रियों की बोर्डिंग और अन्य व्यवस्थाएं पूरी की जाएंगी। 6 जून को सुबह करीब 11:30 बजे ट्रेन सोमनाथ पहुंचेगी। यहां यात्रियों को होटल में ठहराया जाएगा। विश्राम के बाद स्थानीय धार्मिक और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। 7 जून को सोमनाथ के शेष दर्शनीय स्थलों के दर्शन करवाने के बाद रात करीब 11:30 बजे ट्रेन द्वारका के लिए रवाना होगी। 8 जून को सुबह करीब 6 बजे द्वारका पहुंचने पर यात्रियों को होटल ट्रांसफर और विश्राम की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद द्वारकाधीश मंदिर सहित स्थानीय धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। 9 जून को दिनभर भ्रमण कार्यक्रम के बाद शाम करीब 6 बजे विशेष ट्रेन जयपुर के लिए रवाना होगी। 10 जून को शाम करीब 4 बजे ट्रेन जयपुर पहुंचेगी। वापसी के दौरान अजमेर और आबू रोड स्टेशन पर भी यात्रियों के उतरने की व्यवस्था रहेगी। मंत्री कुमावत ने बताया कि ट्रेन में कुल 14 वातानुकूलित कोच, 2 पावर कार और 1 पैंट्री कार लगाई जाएगी।

# प्रसाद खाकर बेसुध हुई महिला, खुद उतारकर दे दिए सोने के कुंडल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** खोह नागोरियान थाना इलाके में नशीला प्रसाद खिलाकर ठगी करने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां मंदिर दर्शन के लिए जा रही एक अधेड़ महिला को बदमाशों ने अपनी बातों में फंसाया और बालाजी का प्रसाद खाने को दिया। प्रसाद खाते ही महिला सुध-बुध खो बैठी, जिसके बाद बदमाश उनसे सोने के कुंडल उतरवाकर रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर ठगों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि थाना इलाके में रहने वाली 48 वर्षीय सुमन देवी ने मामला दर्ज कराया है कि वो 17 मई की शाम करीब साढ़े 5 बजे अपने घर से पास ही स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में दर्शन करने के लिए निकली थीं। रास्ते में अचानक तीन अज्ञात युवक उनके पास आए और किसी अस्पताल का रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोक लिया। बातचीत में उलझाने के दौरान ही आरोपियों ने उन्हें बालाजी महाराज का प्रसाद बताते हुए कुछ खाने को दिया। श्रद्धा के चलते महिला ने वह प्रसाद खा लिया। लेकिन प्रसाद खाते ही कुछ ही देर में उनके दिमाग ने काम करना बंद कर दिया और वह अपना आपा खो बैठी। महिला को अचेत जैसी स्थिति में देखकर बदमाशों ने उनसे कानों के कुंडल देने को कहा। सम्मोहन और नशे के असर में आकर महिला ने खुद अपने दोनों कानों के सोने के कुंडल उतारे और बदमाशों को सौंप दिए। वारदात को अंजाम देने के तुरंत बाद आरोपी मौके से भाग निकले। करीब 10 मिनट बाद जब पीड़िता को पूरी तरह होश आया और कानों में कुंडल नहीं मिले, तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पीड़िता ने तुरंत घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों ने थाने पहुंच अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

# प्रेग्नेंसी में लहसुन खाते समय इन बातों का रखें ध्यान, ये हैं इसका सही तरीका

लहसुन का इस्तेमाल आमतौर पर भोजन के स्वाद को बढ़ाने के लिए किया जाता है। साथ ही, यह सेहत के दृष्टिकोण से भी फायदेमंद माने जाते हैं। लेकिन, क्या आप इसे प्रेग्नेंसी के दौरान खा सकते हैं? अगर आपके मन में भी ऐसा सवाल आता है, तो इसका जवाब है- हां। आप गर्भावस्था में भी लहसुन का सेवन कर सकती हैं। हालांकि, इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान में रखना बेहद जरूरी है। क्योंकि, प्रेग्नेंसी के दौरान खाने-पीने में बेहद सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

**कच्चा लहसुन से बचें :** गर्भावस्था के दौरान कच्चा लहसुन का सेवन करना मना होता है, क्योंकि इससे बैक्टीरियल संक्रमण का जोखिम हो सकता है। पाचन प्रक्रिया में बाधा आ सकती है।

**पका हुआ लहसुन है फायदेमंद :** गर्भावस्था के दौरान लहसुन को पूरी




तरह से पका कर खाना लाभकारी होता है। इससे बैक्टीरियल संक्रमण का जोखिम कम हो सकता ह। इस बात का ध्यान रखें कि लहसुन को विशेषज्ञ द्वारा बताई गई तापमान पर पकाएं ताकि किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया का सफाया हो सके।

**प्रग्नेंसी में लहसुन खाते वक्त इसकी मात्रा का ध्यान रखें :** गर्भावस्था के दौरान वैसे तो पका हुआ लहसुन सुरक्षित रूप से भोजन में शामिल किया जा सकता है। लेकिन, मात्रा से अधिक सेवन करने से बचना चाहिए, क्योंकि यह पाचन असमान्यता या हार्टबर्न को बढ़ा सकता है। इससे गर्भावस्था के दौरान दिक्कत आ सकती है।

**प्रग्नेंसी के दौरान लहसुन को इस तरीके से करें सेवन :** यदि आप कच्चा लहसुन से बचना चाहते हैं, तो गार्लिक पाउडर, गार्लिक पेस्ट, या पका हुआ लहसुन इस्तेमाल कर सकते हैं। इन तरीकों से लहसुन खाने के नुकसान नहीं होते हैं और भोजन के स्वाद को बढ़ाते भी हैं।

**सुरक्षित रेसिपी में लहसुन को करें शामिल :** गर्भावस्था के दौरान सुरक्षित रेसिपी में पके हुए लहसुन को शामिल कर सकते हैं। जैसे कि सूप, स्टू, स्टिर-फ्राइ, या भुने हुए सब्जियों में आप लहसुन को एड कर सकते हैं। इससे आपके भोजन को स्वादिष्ट बनाने के साथ-साथ सेहत से जुड़े लाभ भी प्राप्त हो सकते हैं।

**लहसुन से एलर्जिक प्रतिक्रियाओं का ध्यान रखें :** अगर आपको लहसुन से एलर्जी है या लहसुन खाने के बाद किसी भी प्रतिक्रियाओं जैसे खुजली, सूजन, या सांस लेने में कठिनाई आदि के लक्षण का अनुभव करते हैं, तो तुरंत चिकित्सीय सहायता लें। ऐसी स्थिति में कोशिश करें कि प्रेग्नेंसी के समय लहसुन न के बराबर ही खाएं।

**डॉक्टर से परामर्श करें :** गर्भावस्था के दौरान लहसुन का सेवन करने से पहले अपने स्वास्थ्य प्रदाता या प्रसूतिशाला विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य लें। वे आपके स्वास्थ्य स्थिति और चिकित्सा इतिहास के आधार पर व्यक्तिगत सलाह प्रदान कर सकते हैं। गर्भावस्था के दौरान लहसुन संभावित स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकता है।

# जोड़ों की सूजन नेचुरल तरीके से कम करने के लिए डाइट में शामिल करें यह फूड्स

वर्तमान में लोगों के खानपान और लाइफस्टाइल में काफी बदलाव आ चुका है, जिसका बुरा असर सेहत पर पड़ता है। दरअसल, आज के समय में सोशल मीडिया पर दिखावा और स्वाद के चक्कर में लोग ये नहीं देखते हैं कि क्या खा रहे हैं। आपने कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल होते हुए देखे होंगे, जिनमें लोग कोल्ड ड्रिंक्स में तैयार मैगी खाते हैं या समोसे में चीज भरकर खाते हैं। ऐसा खाना भले ही आपको स्वाद में अच्छा लगे लेकिन इसका बुरा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है और हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और जोड़ों में दर्द जैसी कई ऐसी समस्याएं होने लगती हैं, जिनके बारे में आपने सोचा भी न होगा। जोड़ों में दर्द की समस्या ज्यादातर बढ़ती उम्र के साथ होती थी लेकिन आज के समय में ये समस्या कम उम्र से होने लगी है। इस लेख में दिल्ली स्थित भाग्य आयुर्वेदा की डाइटिशियन पूजा सिंह जोड़ों की सूजन कम करने के लिए कुछ फूड्स बता रही हैं, जिनका सेवन करने से इस समस्या को कम किया जा सकता है।

## लहसुन

आयुर्वेद में लहसुन का इस्तेमाल कई तरीकों से स्वास्थ्य के लिए बताया गया है। लहसुन सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता है बल्कि इसमें मौजूद गुण सूजन को कम करने में भी सहायक होते हैं। सूजन-रोधी (एंटी-इंफ्लेमेटरी) गुणों से भरपूर लहसुन ऑस्टियोआर्थराइटिस के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकता है। कई बार लोगों को हाई यूरिक एसिड के कारण भी जोड़ों में दर्द और सूजन की शिकायत होती है, ऐसे में लहसुन में पाया जाने वाला सल्फर इस सूजन को कम करने में मदद करते हैं। लहसुन का सेवन कई तरीकों से किया जा सकता है। हालांकि, इसका सेवन कम मात्रा में ही करना चाहिए।

## हल्दी

औषधीय गुणों से भरपूर हल्दी में करक्यूमिन नामक यौगिक होता है, जो सूजन-रोधी (एंटी-इंफ्लेमेटरी) है। हल्दी का इस्तेमाल जोड़ों में होने वाले दर्द को कम करने में सहायक हो सकता है। हल्दी में मौजूद गुणों से अब्जॉर्प्शन के लिए आप इसके साथ काली मिर्च का प्रयोग जरूर करें। हल्दी का सेवन कई तरीकों से किया जा सकता है। हल्दी का सेवन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि अगर आप किसी खास स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं तो इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

## अदरक

एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ कई तरह के विटामिन्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर अदरक का सेवन भी आपके जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में सहायक हो सकता है। आप अदरक को पानी में उबालकर चाय के रूप में पी सकते हैं, अदरक का रस निकालकर इसे शहद के साथ मिलाकर ले सकते हैं या जोड़ों पर अदरक का तेल लगाकर मालिश कर सकते हैं।

## अखरोट

विटामिन ई, फोलिक एसिड, अमीनो एसिड्स के साथ कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड्स से भरपूर अखरोट जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में मदद करता है। अखरोट का सेवन करते समय इस बात का खास ख्याल रखें कि इसका सेवन भिगोकर करें। ऐसा इसलिए, क्योंकि अखरोट में फाइटिक एसिड होता है, जो विटामिन्स और खनिजों के अवशोषण को कम कर सकता है, जब आप भिगोकर अखरोट का सेवन करते हैं तो इससे फाइटिक एसिड कम होता है।



## दालचीनी

दालचीनी में एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करने में सहायक हो सकते हैं। दालचीनी को कई तरीकों से डाइट में शामिल किया जा सकता है। आप इसकी चाय बनाकर पी सकते हैं, दालचीनी का पाउडर अपनी सब्जियों, दाल, या दूध में मिला सकते हैं और दालचीनी का तेल भी जोड़ों पर मालिश के लिए उपयोग कर सकते हैं।



# बालों के झड़ने के पीछे हो सकते हैं ये कारण

महिलाओं में हेयरफॉल आजकल एक आम समस्या बन गई है। बालों के झड़ने के पीछे, कई कारण हो सकते हैं। कई बार सही हेयर केयर के बावजूद भी आपके बाल बहुत अधिक झड़ने लगते हैं। इसके पीछे कई मेडिकल फैक्टर्स जिम्मेदार हो सकते हैं। हेयर फॉल से निजात पाने के लिए, सबसे पहले इसके सही कारणों को समझना जरूरी है।



### हार्मोनल इंबैलेंस

बालों की ग्रोथ में हार्मोन्स अहम भूमिका अदा करते हैं। हार्मोनल इंबैलेंस की वजह से बाल बहुत अधिक झड़ने लगते हैं। हार्मोनल इंबैलेंस के कारण, हेयर फॉलिकल्स कमजोर हो जाते हैं और इसके कारण हेयर फॉल अधिक होने लगता है।

### अनुवांशिक कारण

अगर आपके बाल बहुत अधिक झड़ रहे हैं, तो इसके पीछे अनुवांशिक कारण भी हो सकते हैं। खासकर, यू-शेप पैटर्न में बाल झड़ना, अनुवांशिक कारणों से हो सकता है। इसलिए, इसे समझना जरूरी है।

### थायराइड

हाइपोथायराइड और हाइपरथायराइड, दोनों ही हेयर ग्रोथ की साइकिल को प्रभावित कर सकते हैं। थायराइड हार्मोन में उतार-चढ़ाव का असर, कई बॉडी फंक्शन्स पर होता है। इनमें हेयर ग्रोथ भी शामिल है। इसमें इंबैलैंस की वजह से, बाल झड़ने लगते हैं।

### उम्र

उम्र बढ़ने के साथ भी कई बार हेयर ग्रोथ धीमी हो जाती है। हेयर फॉलिकल्स, नए बाल की ग्रोथ नहीं कर पाते हैं और इसकी वजह से बाल झड़ने लगते हैं और पतले होने लगते हैं।

### दवाईयों के साइड-इफेक्ट

लंबे वक्त तक दवाईयां खाने की वजह से भी बाल कमजोर होने लगते हैं और कई बार बहुत अधिक हेयर फॉल होता है। खून को पतला करने वाली दवाईयां, एंटी-इंफ्लेमेटरी मेडिसिन और भी अन्य कुछ दवाईयां, हेयर फॉल का कारण बन सकती हैं।

### पोस्टपार्टम हेयर लॉस

कई महिलाओं को डिलीवरी के बाद भी हेयर फॉल होता है। पोस्टपार्टम हेयर लॉस कई बार बहुत अधिक हो सकता है। हालांकि, आमतौर पर यह कुछ महीनों में ठीक हो जाता है।

### हेयर स्टाइलिंग से जुड़ी गलतियां

बालों को अधिक कलर करना, हीट स्टाइलिंग या हेयर केयर से जुड़े केमिकल वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल भी हेयर फॉल का कारण हो सकता है। इसलिए, बालों की स्टाइलिंग हो या किसी भी तरह की अन्य चीजें, इन्हें बहुत अधिक नहीं करवाना चाहिए।

### न्यूट्रिशन्स की कमी

कई विटामिन्स और मिनरल्स भी हेयर ग्रोथ में अहम भूमिका निभाते हैं और इनकी कमी, बालों के झड़ने के कारण बन सकती हैं। न्यूट्रिशन की कमी या बहुत अधिक डाइटिंग, हेयर हेल्थ और ग्रोथ पर असर डाल सकती है।

### फिजिकल ट्रॉमा

एक्सीडेंट, सर्जरी, जलना या अन्य किसी गंभीर बीमारी के कारण भी हेयर ग्रोथ साइकिल पर असर होता है।


### स्ट्रेस

स्ट्रेस, बालों के झड़ने का एक मुख्य कारण हो सकता है। इस कंडीशन को टेलोजन एफ्लुवियम कहा जाता है।

# गर्मियों में इन लोगों को लू लगने का सबसे ज्यादा होता है खतरा

मई का महीना आते ही गर्मी अपने पूरी शबाब पर होती है। हर रोज तापमान में बढ़ोत्तरी देखने को मिलती है। वही चिलचिलाती धूप, गर्मी और गर्म हवाओं से इंसान से लेकर जानवर तक बेहाल रहता है। गर्मियों में मौसम में खुद को स्वस्थ और सुरक्षित रखना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। वहीं गर्मी में सबसे ज्यादा खतरा लू लगने का होता है। आपको बता दें कि कई बार लू लगने के कारण व्यक्ति की जान तक चली जाती है। ऐसे में इस गर्मी यदि आप भी लू से अपना बचाव करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है।

**लू की चपेट में आने के कारण :** अगर आप एसी में रहते हैं और एसी वाले कमरे से निकलकर फौरन धूप में जाते हैं। तब भी आपको लू लग सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आप नॉर्मल टेंपरेचर से निकलकर हाई टेंपरेचर में जाते हैं, तो शरीर का तापमान अचानक से बढ़ जाता है। ऐसा हीट स्ट्रोक के कारण होता है। इसलिए यदि आपको धूप में जाना हो, तो पहले कमरे के तापमान को सामान्य करें और उसके बाद ही बाहर निकलें। वहीं लंबे समय तक धूप के संपर्क में रहने से बहुत तेज प्यास लगने लगती है। हम सभी अक्सर धूप से आने के फौरन बाद ठंडा पानी पीते हैं। जिसके कारण हमारे शरीर का तापमान गड़बड़ा जाता है और हम लू की चपेट में आ जाते हैं। इसलिए हमेशा धूप से आने के कुछ देर बाद ही पानी पीना चाहिए। जब आप लंबे समय तक धूप में रहते हैं, तो शरीर में डिहाइड्रेशन होने लगता है। जिसके कारण इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन भी गड़बड़ हो जाता है। इस वजह से भी आपको लू लग सकती है।



लू से बचने के लिए आपको कुछ-कुछ देरी पर पेय पदार्थ का सेवन करते रहना चाहिए। आप फलों का जूस और नारियल पानी का भी सेवन कर सकते हैं। गर्मी में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक धूप अपने चरम पर होती है। इस दौरान घर से बाहर निकलने पर आप लू की चपेट में आ सकती हैं। इसलिए जब भी घर से इस समय बाहर निकलें, तो सूती कपड़े पहनकर निकलें। क्योंकि सूती कपड़ों में आपकी त्वचा सांस लेती रहती है और यह शरीर के तापमान को सही बनाए रखने में मदद करता है।

# बढ़ती उम्र में दिल को कैसे रखें हेल्दी

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है वैसे ही हमारे बॉडी का अलग-अलग बदलावों से गुजरने लगता है और उम्र बढ़ने से साथ-साथ हमारी लाइफस्टाइल को एडजस्ट करना आसान होता है। उम्र बढ़ने के साथ-साथ दिल की सेहत का ख्याल रखना बहुत जरुरी है, नहीं तो हार्ट हेल्थ पर बुरा असर होता है। आप अपनी रोजाना जीवन में इन्हें फॉलो कर सकते हैं क्योंकि उम्र के साथ ही आपके दिल की सेहत भी बढ़िया होनी चाहिए।



### फिजिकली एक्टिव रहें

नियमित रुप से एक्सरसाइज करना दिल की सेहत के लिए बहुत जरुरी है। लेकिन, ये जरुरी नहीं है कि वर्कआउट थकाऊ और बोरिंग हो। पारंपरिक व्यायाम की जगह आप हुला हूपिंग, अपने कमरे में घूमना या पौधे लगाने जैसा व्यायाम कर सकते हैं। ऐसी एक्सरसाइज करें जो आपको खुशी दें और आपको चलता फिरता रखे।

### हेल्दी चीजें खाएं

भरपूर पौष्टिक आहार खाने से दिल की सेहत के लिए काफी आवश्यक है, लेकिन ऐसा नहीं है कि आपको अपना पसंदीदा भोजन छोड़ना होगा। आप क्रिएटिव तरीके से ऐसी डिशेज पकाएं जो हार्ट के लिए अच्छी हो। ब्रेकफास्ट में आप सब्जी से भरपूर स्मूदी बाउल ट्राई करें या अपने भोजन को तिल और सूरजमुखी के बीजों से सजाएं।

### हंसना जरुरी है

कहते हैं खुलकर हंसना सबसे अच्छी दवा है और ये आपके दिल की सेहत को बेहतर बनाएं रखता है। हंसने से तनाव नहीं होता है, ब्लड फ्लो बेहतर होता है और आपका मूड अच्छा होता है।

### लोगों से कनेक्टेड रहें

सोशल कनेक्शंस दिल की सेहत के लिए जरुरी हैं, इसलिए दोस्तों और परिवार के साथ जुड़े रहने की कोशिश करें। अपने सागे संबंधियों के बीच जाएं, उनके साथ फन गे खेलें, एक खुशनुमा शाम बिता चुके। पिकनिक पर जाएं। मीनिंगफुल रिलेशनशिप बनाने से आपके दिल की सेहत पर पॉजिटिव असर पड़ता है।

### नींद भी जरुरी है

अच्छी नींद दिल की सेहत के लिए जरुरी है। इसलिए रात को पर्याप्त नींद लेने से हार्ट की सेहत बढ़िया रहती है। एक स्लीप शेड्यूल बनाएं जो आपको आराम करने और सोने से पहले तनाव दूर करने में मदद करें। गहरी नींद के लिए किताब पढ़ने, वॉर्म बाथ लेने या अच्छा म्यूजिक सुने।

# क्या आप जानती हैं रोज 5 मिनट प्लैंक एक्सरसाइज करने से क्या होता है?

हेल्दी रहने के लिए, सही डाइट और एक्सरसाइज बहुत जरूरी है। यह बात हम सभी जानते हैं। लेकिन, सही डाइट और एक्सरसाइज का फायदा तभी है, जब आप इसे अपने डेली रूटीन का हिस्सा बनाएं। अक्सर लोग कुछ दिन तो हेल्दी डाइट और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं। लेकिन, इससे रिजल्ट न मिलते देख, इसे छोड़ देते हैं। बता दें कि एक्सरसाइज हो, योगा हो या फिर हेल्दी डाइट, इन चीजों का फायदा एक दिन में नजर नहीं आता है। इसलिए, अगर आप इसे लंबे समय तक अपने रूटीन का हिस्सा बनाएंगी, तो ही आपको इसका असर देखनो को मिलेगा। प्लैंक एक्सरसाइज वजन कम करने में कारगर है। इसे अगर आप रोजाना 5 मिनट अपने वर्कआउट रूटीन में शामिल करेंगी, तो आपको शरीर में कुछ खास बदलाव देखने को मिल सकते हैं।



### रोजाना प्लैंक एक्सरसाइज करने से शरीर में आ सकते हैं ये बदलाव

- अगर आप रोजाना 5 मिनट के लिए प्लैंक एक्सरसाइज करती हैं, तो इससे मूड बेहतर होता है।
- जो लोग तनाव में रहते हैं या जिन्हें अक्सर चिड़चिड़ापन महसूस होता है, उन्हें इसे जरूर करना चाहिए।
- दरअसल, इसे करने से कई स्टिफ हो चुकी मसल्स ठीक होती हैं और उससे स्ट्रेस कम होता है।
- रोजाना 5 मिनट इस एक्सरसाइज को करने से, तोंद भी कम होती है।
- अगर आपका पेट लटका हुआ है, तो 1 महीने तक प्लैंक एक्सरसाइज कर, आपको अंतर महसूस हो सकता है।
- इससे पेट की मांसपेशियों पर दवाब पड़ता है और बेली फैट कम हो सकता है।
- जिन लोगों को बैलेंस बनाने में मुश्किल होती है, इस एक्सरसाइज को रोज करने से, बैलेंस में सुधार हो सकता है।
- शरीर के हर हिस्से से चर्बी कम करने में भी यह एक्सरसाइज कारगर है।
- इससे कोर मसल्स मजबूत होंगी और फ्लेक्सिबिलिटी में सुधार होगा।
- इसे 1 महीने तक रूटीन में शामिल करने से, आपको शरीर में ये बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

### प्लैंक एक्सरसाइज करने का सही तरीका

- सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं।
- शरीर को एक सीध में रखें।
- हथेलियों और पैरों के पंजों पर दबाव डालें।
- प्लैंक की मुद्रा में आएं।
- शरीर को आपको एक सीध में रखना है।
- शरीर को ऊपर उठाएं।
- इस पोजिशन को होल्ड करें।
- इसे आपको रोज 5 मिनट के लिए करना है।

# मेनोपॉज में बदल गई है शरीर की गंध? इन टिप्स की लें मदद

महिलाओं में पीरियड्स साइकिल शुरू होने से पहले और पीरियड्स खत्म होते वक्त कई हार्मोनल बदलाव होते हैं। 45 से 55 साल की उम्र में महिलाओं को पीरियड्स बंद हो जाते हैं। इस स्थिति को मेनोपॉज कहा जाता है। वहीं, मेनोपॉज शुरू होने से पहले का वक्त पेरिमेनोपॉज कहलाता है। मेनोपॉज में हार्मोनल में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर, महिलाओं पर कई तरीके से होता है। इसकी वजह से मूड स्विंग्स, हॉट फ्लैशेज, कमजोरी महसूस होना और डाइजेशन से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। इतना ही नहीं, मेनोपॉज में शरीर की गंध भी बदल जाती है। कुछ महिलाओं को इस दौरान, शरीर में अजीब सी गंध महसूस होती है। ऐसा कई कारणों से हो सकता है।



### मेनोपॉज में शरीर की बदली हुई गंध को इन टिप्स से करें मैनेज

- मेनोपॉज में बदले हुए बॉडी ऑडर को मैनेज करने के लिए, कॉटन के और ढ़ीलें कपड़े पहनें। जिन कपड़ों में एयर पास हो सके, ऐसे कपड़े आपके लिए सही रहेंगे।
- बहुत अधिक चिपके हुए कपड़े पहने से बचें।
- दिन में 2 बार नहाएं। इससे पसीना कम आएगा। बगल, प्राइवेट पार्ट, ब्रेस्ट एरिया के पास और भी जिन जगहों पर अधिक पसीना आता है, उन्हें अच्छे से साफ करें।
- किसी विशेष गंध के बॉडी वॉश या क्लींजर का प्रयोग न करें। माइल्ड स्मैल वाले वॉश आपके लिए सही रहेंगे।
- फाइबर रिच डाइट लें। इससे हार्मोन्स को बैलेंस करने में मदद मिलती है और पसीना भी कम आता है।
- फाइबर और प्रोटीन से भरपूर डाइट, मेनोपॉज भी महिलाओं को और भी कई तरीकों से फायदा पहुंचाती है।
- केमिकल वाले डिओडोरेंट न लगाएं। नेचुरल डिओडोरेंट का उपयोग करें। जिन डिओ में एल्युमिनयम होता है, उनका इस्तेमाल न करें।
- अगर आपके शरीर से बहुत अधिक गंध आ रही है और आपको आराम नहीं मिल रहा है, तो डॉक्टर से सलाह भी ले सकती हैं।
- तले-भुने और मसालेदार खाने से दूर रहें। कैफीन और एल्कोहल की वजह से भी गंध अधिक आ सकती है।
- इस दौरान, स्ट्रेस लेने भी बचें। स्ट्रेस की वजह से कोर्टिसोल हार्मोनल का लेवल बढ़ जाता है। इससे पसीना अधिक आता है और स्किन पर बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।

## बुजुर्ग से लूट का मामला

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जामडोली थाना इलाके से बुजुर्गों की सुरक्षा पर सवाल उठाने वाली एक वारदात सामने आई है। यहां रास्ता पूछने के बहाने बाइक सवार दो बदमाशों ने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को लिफ्ट दी और फिर सुनसान जगह ले जाकर उनके साथ लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित बुजुर्ग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। एएसआई शिवदयाल ने बताया कि रूपलाल मीणा जगतपुरा निवासी बुधवार शाम करीब साढ़े 6 बजे तिलक हॉस्पिटल के पास से पैदल जा रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक उनके पास आए और रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोक लिया। बातचीत के दौरान बदमाशों ने बुजुर्ग को अपनी बातों में फंसाया और मदद करने व रास्ता बताने के बहाने उन्हें झांसा देकर अपनी बाइक पर बैठा लिया और रास्ते में एक सुनसान जगह देखकर बाइक रोक दी। वहां दोनों बदमाशों ने बुजुर्ग को डराया-धमकाया और जबरन उनके गले की सोने की चेन और जेब से पर्स छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने बुजुर्ग को धक्का मारकर बाइक से नीचे गिरा दिया और मौके से फरार हो गए। लूट का शिकार हुए पीड़ित बुजुर्ग ने जैसे-तैसे थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने पीड़ित कि शिकायत पर अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर हुलिए के आधार पर सरगर्मी से उनकी तलाश शुरु कर दी है।

## बैठक आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** अधीशाषी अभियन्ता पीएचईडी राम कुमार चाहिल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 तथा जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के संबंध में गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिला कलेक्टर आशीष मोदी अध्यक्षता में 22 मई शुक्रवार को अपराह्न 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में आयोजित की जाएगी।

## बैठक 25 मई को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला पेंशन निस्तारण समितिए एवं कोषाधिकारी सीकर विक्रम सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय पेंशन निस्तारण समिति की समीक्षा बैठक 25 मई को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार सीकर में जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी।

## विष्णुपुराण कथा का आयोजन 25 से

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** पुरुषोत्तम मास के पावन उपलक्ष्य में नोखा की धर्म धरा में पहली बार विष्णुपुराण कथा रसोत्सव का आयोजन 25 मई से 31 मई तक विश्नोई धर्मशाला, सुजानगढ़ रोड में किया जाएगा। आयोजन से जुड़े ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि श्री मरुनायक व्यास पीठाधीश्वर पंडित भाईश्री के द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। पंडित भाईश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि नोखा की धरती पर विष्णुपुराण का यह दिव्य, नव्य एवं भव्य आयोजन होगा जिसमें समस्त सनातनी भागीदार बनकर अधिक मास का पुण्य अर्जित कर सकेंगे। 7 दिवस चलने वाली कथा का समय दोपहर 2:15 बजे से 6:15 बजे तक रहेगा।

## एडीजे न्यायाधीश का किया अभिनंदन



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थनान्तरण होने पर एडीजे न्यायाधीश महेंद्र प्रताप भाटी का अभिनंदन किया गया है। ताल्लुका विधिक सेवा समिति की ओर से एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट रजनीकांत सोनी, राहुल शर्मा, रामप्रसाद शर्मा, बसंती खेतान, समिति सचिव वंदना राठौड़, बनवारीलाल खीचड़, बाबूलाल किलका, पीएलवी मयंक त्रिवेदी, विजयपाल श्योराण आदि ने माल्यार्पण कर व स्मृति चिह्न प्रदान कर भाटी का अभिनंदन किया।

## अधिक मास में गायों के लिए किया दान



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय श्री श्याम सखी मंडल द्वारा अधिक मास में बजरंगी गौशाला में एक क्विंटल तरबूज लाचार बीमार गायों की सेवा के लिए प्रदान किए गए। मंडल की अध्यक्ष कांता शर्मा ने बताया कि धार्मिक, सामाजिक बीमार रोगी के लिए मंडल की तरफ से अनवरत कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। इसमें सभी महिलाओं का सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में संतोष, दुर्गा, जय श्री, राजू, स्वाति, मेनका, सुशीला, सुनीता, प्रभा, चंद्रप्रभा, रंजू, सरोज, मिताली, श्वेता, खुशबू, मंजू, आभा, कविता, कंचन आदि ने गौसेवा की।

## पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों की घोषणा की जाती है। इसी क्रम में पद्म पुरस्कार 2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 15 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि पद्म पुरस्कार के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे पद्म पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवारों के प्रस्ताव अभिशंसा सहित जिला कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित करें। साथ ही संभावित उम्मीदवारों को समय रहते ऑनलाइन आवेदन करने के लिए भी निर्देशित किया जाए।

# जिला निष्पादक समिति की बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जिला निष्पादक समिति की बैठक गुरुवार को जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले की शाला दर्पण रैंकिंग, शैक्षणिक गतिविधियों एवं विभिन्न शैक्षणिक पैरामीटर की अब तक की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शाला दर्पण रैंकिंग से जुड़े सभी बिंदुओं पर प्रगति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समन्वय आवश्यक है, जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि शाला दर्पण नंबरिंग से अधिक महत्वपूर्ण विद्यार्थियों का वास्तविक एवं प्रायोगिक ज्ञान है। बैठक में सभी सीबीईओ को संबंधित उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं पीईईओ के साथ नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर शाला दर्पण पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शिक्षक ऐप पर उपलब्ध शैक्षणिक वीडियो विद्यार्थियों को दिखाकर उनकी दक्षता एवं शैक्षणिक स्तर में सुधार करने के लिए कहा गया। जिला कलेक्टर ने शाला स्वास्थ्य परीक्षण की रिपोर्ट नियमित रूप से अपलोड करने, विद्यालयों में टॉयलेट एवं जल जीवन मिशन के तहत नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के प्रैक्टिकल नॉलेज के लिए एबीसी किट का प्रभावी उपयोग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक प्रत्येक माह में आयोजित करने एवं विद्यालयों में आ रही समस्याओं के संबंध में संबंधित सीबीईओ द्वारा सीडीईओ को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा सभी शैक्षणिक गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग एवं बच्चों की दक्षता आधारित आकलन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी किरण सैनी, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुकेश कुमार जैमन, जिला साक्षरता अधिकारी डॉ. चंद्र प्रकाश महर्षि, एपीसी रामेश्वर बिजारणियां सहित जिले के समस्त सीबीईओ उपस्थित रहें।



# सदगुरु टेऊँराम चौथ पर्व पर अमरापुर स्थान में भक्तिमय आयोजन आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रेम प्रकाश मंडल के संस्थापक मंगलमूर्ति आचार्य 1008 योगीराज सदगुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज के मासिक जन्मोत्सव चौथ पर्व के अवसर पर शुक्रवार 22 मई को पावन तीर्थ स्थल श्री अमरापुर स्थान में श्रद्धा और भक्ति के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। आयोजन के तहत प्रातः 6 बजे आचार्य श्री के दिव्य दर्शन होंगे, जबकि सुबह 7 बजे एक पुष्प अर्पित कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद नित्य नियम प्रार्थना, संत-महात्माओं द्वारा भजन-कीर्तन, गुरु प्रार्थना अष्टक पाठ एवं आचार्य श्री की महिमा का गुणगान किया जाएगा। सायंकाल महिला मंडल द्वारा सामूहिक चालीसा एवं जन्म सखी पाठ होगा। इसके पश्चात संतों द्वारा सदगुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज रचित ग्रंथ ब्रह्मदर्शनी का संगीतमय पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम में सतनाम साक्षी महामंत्र जापए आरती एवं 56 भोग अर्पण भी किया जाएगा। उत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर और समाधि स्थल को आकर्षक पुष्प सज्जा एवं रंगोली से सजाया जाएगा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहेगा।



## गुरु पुष्य नक्षत्र में गणेशजी का किया अभिषेक

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** मंदिर गोपालजी कुंडवाला गणेशजी खंडेला रोड में गुरुवार को गुरु पुष्य नक्षत्र में गणेश महाराज का पंचामृत, पंचगव्य, दूध, दही, शहद, घी, शर्करा, गंगाजल कई इत्रों आदि से अभिषेक कराया गया और सिंदरी चोला चढ़कर नवीन पोशाक धारण कराई गई तत्पश्चात मोदक का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर मक्खनलाल शर्मा, नरेश पंजाबी, दिपांशु शर्मा, नवीन शर्मा, हेमंत सैनी, रितेश सैनी, अक्षय सैनी आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी महावीर ठठेरा मंत्री मंदिर गोपालजी कुंड वाला ट्रस्ट ठठेरा समाज श्रीमाधोपुर द्वारा दी गई है।

## जनगणना-2027 : मकान सूचीकरण एवं आवास गणना कार्य प्रगति पर

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में जिले के 21 चार्ज क्षेत्रों में जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। जनगणना कार्य के तहत नियुक्त प्रगणक निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर मकानों एवं परिवारों से संबंधित आवश्यक जानकारियों का संकलन कर रहे हैं। इस दौरान मकानों की स्थिति, उपयोग, परिवारों की संख्या तथा आवासीय सुविधाओं से जुड़ी जानकारी दर्ज की जा रही है। साथ ही प्रत्येक मकान पर निर्धारित प्रारूप के अनुसार अंकन कार्य भी किया जा रहा है।

# युवा वर्ग के लिए आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस का एक्टिव युवा प्लान लॉन्च

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस ने युवाओं की बदलती जीवनशैली और स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नया हेल्थ इंश्योरेंस प्लान एक्टिव युवा लॉन्च किया है। कंपनी ने इसके साथ एक व्यापक वेलनेस प्रोग्राम भी शुरू किया है, जो ग्राहकों को स्वस्थ आदतें अपनाने पर विशेष रिवॉर्ड प्रदान करेगा। कंपनी के अनुसार यह योजना हेल्थरिटर्न्सन्ऩ् मॉडल पर आधारित है, जिसके तहत रोजाना 10 हजार कदम चलने या एक व्यायाम सत्र में 300 कैलोरी बर्न करने जैसी गतिविधियों पर ग्राहकों को लाभ मिलेगा। लगातार सक्रिय रहने और हेल्दी हार्ट स्कोर बेहतर बनाए रखने वाले ग्राहक वार्षिक प्रीमियम का 100 प्रतिशत तक वापस प्राप्त कर सकेंगे। एक्टिव युवा प्लान को ईट, मूव और हील तीन प्रमुख आधारों पर तैयार किया गया है। इसके तहत एक्टिव हेल्थ ऐप पर नियमित भोजन लॉग करने, प्रतिदिन औसतन 7500 कदम चलने तथा पर्याप्त नींद लेने पर अतिरिक्त हेल्थरिटर्न्सन्ऩ् और बोनस एक्टिव डेजन्ऩ् का लाभ मिलेगा। कंपनी के सीईओ मयंक बाथवाल ने कहा कि आज के युवा स्वास्थ्य को जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा मानते हैं और बीमा को भी उसी के अनुरूप विकसित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि यह प्लान केवल मेडिकल इमरजेंसी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि रोजमर्रा की स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने में भी सहायक बनेगा। कंपनी का मानना है कि यह योजना युवाओं के लिए हेल्थ इंश्योरेंस को अधिक उपयोगी, सरल और आकर्षक बनाएगी तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करेगी।

# रत्तुपीर दरगाह में धूमधाम से मनाया सालाना उर्स

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** कस्बे के वार्ड 23 में सांसी धर्मशाला के पास स्थित रत्तुपीर दरगाह में गुरुवार को रत्तुपीर का 11वां सालाना उर्स धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दूर-दराज से आए रत्तुपीर के भक्तों व सांसी समाज के लोगों ने रत्तुपीर की दरगाह पर चादर चढ़ाई व पूजा-पाठ कर देश व समाज में सुख-शांति की मन्नत मांगी। इस अवसर पर दरगाह के भगत जगदीश अदल्याण, प्रकाश सांसी, सुभाष सांसी, बीरबल, कितार, नानक, विनोद टीटाण, विक्रम टीटाण, जोनी टिटाण, पप्पू राम, आकाश दादल्याण, सचिन, सजंय विनोद, अर्जुन, रोहित, अजय, विष्णु आदि अनेक लोग मौजूद थे। दरगाह के भगत जगदीश अदल्याण ने बताया कि रत्तुपीर की सांसी समाज में बहुत मान्यता है। रत्तुपीर की याद में दरगाह में प्रतिवर्ष उर्स मनाया जाता है। ये राजगढ़ तहसील के गांव मुंदीताल के रहने वाले थे जिन्होने लगभग 80 वर्ष पूर्व कानपुर उत्तरप्रदेश में जल समाधी ली थी।



## बेदखली सूचना

मैं प्रकाश पुत्र मोतीराम निवासी वार्ड नं. 03, लाल पहाड़ी, झुंझुनू, तहसील व जिला-झुंझुनू (राज.)। यह कि मुकेश कुमार मेरा पुत्र है जो कि मेरे कहे में नहीं है मेरा कहना नहीं मानता है। आदतन शराबी है। आये दिन झगड़ा फसाद करता है। यह कि मेरे पुत्र मुकेश कुमार को अपनी चल अचल सम्पति जो भी जहां भी अवस्थित है उससे बेदखल करता हूँ। यह कि मेरा मुकेश कुमार के साथ किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है। यह कि कोई व्यक्ति/संस्थान मुकेश कुमार के साथ किसी भी प्रकार का रूपयों पैसों का लेन देन करती है। किसी प्रकार का व्यवहार रखती है तो उसका जिम्मेवार वे स्वयं होंगे। मेरी कोई जवाबदारी नहीं होगी। यह कि पूरे परिवार के साथ गाली गलौच करता है मेरे साथ कई बार हाथापाई कर चुका है। यह कि मुकेश कुमार व उसकी पत्नि पूजा देवी दोनों को मैं मेरी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। यह कि मेरे घर परिवार में मुकेश कुमार व पूजा का प्रवेश वर्जित रहेगा। मेरा व मेरे परिवार का मुकेश कुमार व पूजा से कोई किसी प्रकार का लेना देना नहीं रहेगा। यह कि मुकेश कुमार व पूजा को मेरी प्रोपर्टी, घर, गुवाड़ी में किसी प्रकार का कोई हिस्सा नहीं है। मैं समस्त अधिकारों से मुकेश कुमार व पूजा देवी को वंचित करता हूँ।

# गैंगस्टर रोहित गोदारा के नाम पर व्यापारी से 5 करोड़ की फिरौती मांगी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्याम नगर थाना इलाके में एक बार फिर रंगदारी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक नामचीन व्यापारी से विदेशी नंबर से कॉल कर 5 करोड़ रुपये की मोटी फिरौती मांगी गई है। धमकी देने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा बताया है। व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि श्याम नगर निवासी एक प्रतिष्ठित व्यापारी के बेटे के मोबाइल पर 18 मई दोपहर तीन से चार बजे के बीच विदेशी नंबर से कॉल आया।

फोन उठाने पर सामने वाले ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा बताया और पांच करोड रुपए फिरौती देने के लिए धमकाया। इस अचानक आई धमकी से घबराकर व्यापारी के बेटे ने फोन काट दिया। कॉल कटने के बाद भी आरोपी शांत नहीं हुआ। उसने पीड़ित के मोबाइल पर एक बेहद डरावना और धमकी भरा टेक्स्ट मैसेज भेजा। जिसके बाद पीड़ित व्यापारी का पूरा परिवार दहशत में आ गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस की तकनीकी टीम अब उस विदेशी नंबर की लोकेशन और कॉल डिटेल खंगालने में जुटी है।

## धरना रहा 19 वें दिन भी जारी

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा धरना लगातार 19 वें दिन गुरूवार को भी जारी रहा। धरने पर तरूण सियोता, शंकर, इकबाल खान कायमखानी, समीत मंडित, गजानंद सियोता, सुनील मेघवाल, जगदीश नाथ, भवानी सिंह, अजीत सिंह, राजकुमार, फारूक भूट्टा, भंवरलाल, जगदीश प्रसाद, सोहिल गोपालपुरिया, सेवाराम, दीपक धवल आदि ने शिरकत की। गांधी चौक स्थित पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां लगाए जाने की मांग को लेकर धरना दिया जा रहा है।

## निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर 24 को

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा आगामी 24 मई को स्व. लालचंद टमकू देवी पाटनी की स्मृति में उनके पुत्रों भामाशाह प्रकाशचंद बिमल कुमार पाटनी व समस्त पाटनी परिवार के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। क्लब के वरिष्ठ सदस्य ललित सोनी ने बताया कि शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा।


**कार्यालय नगर परिषद, सीकर (राज०)**
Add:- NEAR ABMEDKAR CIRCLE Sikar Pin 332001
Email:- sikarulb.jaipur@gmail.com

क्रमांक : 1297 दिनांक :- 19.05.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना सं. 11/2026-27**

नगर परिषद, सीकर द्वारा शहर के सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों/व्यक्ति/संस्था से कुल 01 कार्य की अल्पकालीन ऑफलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कार्य से संबंधित शर्ते एवं विवरण नगर परिषद कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखा जा सकता है। कार्य का विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| निविदा विक्रय तिथि | दिनांक 22.05.2026 प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक |
| निविदा जमा तिथी | दिनांक 22.05.2026 सायं 03:00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 22.05.2026 सायं 05:00 बजे से |

NIB CODE :- DLB2627A1956

| S.NO. | UBN NO. |
|---|---|
| 1 | DLB2627WSOB05137 |

निविदा संबंधी विवरण का अवलोकन नगर परिषद सीकर कार्यालय एवं वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर भी देखा जा सकता है

राज.संवाद/सी/26/3251 वरिष्ठ आयुक्त, नगर परिषद, सीकर


## नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री तनिष्का चौधरी के स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम तनिष्का व माता का नाम मन्जु देवी दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री का सही नाम तनिष्का चौधरी (TANISHKA CHOUDHARY) व माता का सही नाम मन्जु (MANJU) है भविष्य में इन्हें ही सही व सत्य माना जावें व मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

**सुरेश कुमार पुत्र शिशपाल सिंह, जाति-जाट**
**निवासी-प्राईमरी स्कूल के पास, ग्राम टमकोर, तहसील-मलसीसर, जिला-झुंझुनू (राज.)।**


## कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खण्डेला, सीकर

क्रमांक - लेखा/एमएनडीवाई/2026/553 दिनांक - 18/5/26

**Notice Inviting Bid**

Open Competative Bid for Hiring Machine with Man of Rs. 7.30 Lakh is invited from interested bidder's upto 11:00 A.M. dated 27-05-2026. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in). UBN No. MHS2627SSOB00996

Dr.Naresh Kumar Pareek
DIPR/C/8862/2026 B.C.M.O. Khandela (Sikar)


**ईस्तेहार हर खास व आम**
**पीठासीन अधिकारी श्री सुनील कुमार पंश्चोली आर.एच.जे.एस.**
**न्यायालय जिला न्याधीश महोदय झुन्झुनू**
**सिविल विधिक प्रकरण (संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधि.) संख्याः- मु.न. 23/26**

न्यायालय जिला न्यायाधीश महोदय,
झुन्झुनू ।

1. नूर मोहम्मद पुत्र श्री रहीम अली खां, उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम लादूसर, तहसील मलसीसर, जिला झुन्झुनू (राज.)
2. सरवर बानो पत्नी नूर मोहम्मद, उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम लादूसर, तहसील मलसीसर, जिला झुन्झुनू राज. **-आवेदकगण**

**बनाम**

1. नाजिया खान पुत्री इस्तियाक अहमद पत्नी स्व. खादिम हुसैन, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम लादूसर, तहसील मलसीसर, जिला झुन्झुनू (राज.) हाल पत्नी आबिद खान हाल निवासी ग्राम नूंआ, तहसील मण्डावा, जिला झुन्झुनू (राज.)
2. हर आम व खास **- अनावेदकगण**

**प्रार्थना पत्र अ.धा. 10 सरंक्षक एंव प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 बाबत घोषित किये जाने संरक्षक**
**सार्वजनिक सूचना**

उपरोक्त आवेदकगण ने इस न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र बाबत घोषित किये जाने संरक्षक अव्यस्क कु सदफ खांन अ.धा. 10 सरंक्षक एंव प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 प्रस्तुत किया है कि आवेदकगण अव्यस्क के दादा दादी है आवेदकगण के पुत्र खादीम हुसैन के स्वर्गवास होने के उपरान्त अनावेदिका नाजिया ने आबिद खान निवासी-नूआ से दूसरा निकाह कर लिया है। अप्राप्तव्य कु सदफखान आवेदकगण के संरक्षण में रहती है आवेदकण दवारा अप्राप्तय कु. सदफ के शरीर व सम्पति व पेंशन प्राप्त करने का संरक्षक घोषित किये जाने बाबत उक्त प्रार्थना पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तूत किया गया है।

अतः हर खास व आम को सुचित किया जाता है कि उक्त् अप्राप्तव्य कु सदफ का संरक्षक आदेकगण को नियुक्त किये जाने में किसी को कोई आपत्ति या ऐतराज हो तो स्वयं अन्यथा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 06/07/2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदकगण के पक्ष में संरक्षता प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा और किसी प्रकार को कोई ऐतराज समाहत नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 27/4/26 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर कार्यालय से जारी किया गया।

**न्यायालय के आदेश से**
**मुंसरिम जिला एवं सत्र न्यायाधीश झुन्झुनू**

## परिंदों के लिए लगाए परिण्डे

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** अजीतगढ़ शहर में संतश्री नारायण दास यूथ मंडल स्टेट अवॉर्डी एवं एक दिन गांव के लिए अभियान अजीतगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित गर्मी में परिंदों के लिए परिंडे मुहिम में गुरुवार को प्राचीन गुसाई बगीची में संत अनंत दास महाराज के सानिध्य में 11 परिंडे एवं एक इलेक्ट्रिक परिंडा लगाया गया। इस मौके पर महाराज ने कहा कि गर्मी के दौर में प्राणियों के समक्ष पेयजल की समस्या हो जाती है और उसमें पक्षियों के लिए दाना पानी दोनों समस्या बनती है। ऐसे में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करना सेवा कार्य है। शहर के युवाओं ने विभिन्न स्थानों पर परिंदों के लिए परिंडे लगाने का अभियान चलाया है। गुरुवार को अभियान के युवाओं ने पूरण प्रजापत एवं हेमंत सेन के नेतृत्व में गुसाई बगीची में परिंडे बंधवाए एवं यहां आने वाले भक्तों से नियमित जल भरने का संकल्प दिलवाया। बगीची में एक इलेक्टिक परिंडा लगाया गया जिसमें पानी झरने की तरह चलता रहेगा। बगीची संत अनंत दास महाराज ने बताया कि पक्षी इस प्रकार बहते जल को अधिक रुचि से पीते है, इसी को देखते हुए प्राकृतिक बड़–पीपल की छांव में यह झरने की तरह का परिंडा लगाया गया है, जिसमें के इलेक्ट्रिक मोटर के माध्यम से पानी निरंतर चलता रहेगा। उल्लखेनीय है कि अभियान से जुड़े युवा विगत काफी लंबे वर्षों से गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का कार्य अनवरत करते है। इसके साथ ही युवाओं से अपील करते है कि अपने आसपास छांव में परिंडे लगाए और उन्हें नियमित जल भरे, इसके अलावा दाना पात्र भी लगाएं।

## श्रद्धांजलि सभा आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय, विधायक आवास पर देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके देशहित में दिए गए योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि राजीव गांधी के दूरदर्शी दृष्टिकोण ने 21वीं सदी के भारत की मजबूत नींव रखी। युवाओं को सशक्त, स्वतंत्र एवं आत्मनिर्भर बनाने की उनकी नीतियों और ऐतिहासिक निर्णयों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त, सुदृढ़ और सम्मानित राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। कांग्रेस संगठन सदैव उनके आदर्शों पर चलकर देश सेवा के कार्य करता रहेगा। इस दौरान रामवीर सिंह राईका, मुख्तयार खान, भागीरथ खीचड़, कयूम गौरी, जगदीश सोनी, देवकी माहीच, ज्याना राम, जगदीश खटीक भिषम इंदौरिया एवं अब्बास गौरी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कथा में सुनाया भक्त शुक देव के जन्म का वर्णन



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** मंदिर श्री राधागोपीनाथ में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत चल रहे विभिन्न भक्तिमय दिव्य महोत्सवों में पंचम दिवस को व्यास पीठाचार्य प्रयागदास महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में भगवान के परम भक्त शुक देव के जन्म की एवं उनके द्वारा कथा व्यास प्रसंग, ध्यान विधि, भगवान के स्थूल और सूक्ष्म रूपों के बारे में, सृष्टि का वर्णन, भगवान का विराट स्वरूप, भागवत के दस लक्षण की पावन कथा सुनाई गई। तत्पश्चात रात्रि में राम चरित्र मानस में भगवान राम के अवतार प्रसंग का रस और भाव मय गान है किया गया। महंत डॉ मनोहर शरण दास ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन भगवान की मंगल अलौकिक स्वरूप का श्रृंगार एवं प्रतिदिन सायं जल फव्वारा ठाकुरजी को धराया जाता है। दोपहर में 2:30 बजे से 6:00 बजे तक भागवत कथा का आयोजन, संपूर्ण दिवस हरिनाम संकीर्तन, प्रात: वृहद नारद पुराण की पुरुषोत्तम मास महात्म्य कथा व रात्रि 8 से10 में रामचरित्र मानस के मास पारायण पाठ व राम कथा का कार्यक्रम मंदिर में आयोजित हो रहा है।

# राहुल गांधी के बयान पर जुलूस निकाल फूंका पुतला

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में गुरुवार को जयपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर बड़ी संख्या में एकत्रित कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय से चौमूं हाउस सर्किल तक जुलूस निकाला और वहां उनका पुतला फूंका। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि महात्मा गांधी ने आजादी के बाद कांग्रेस को समाप्त करने की बात कही थी लेकिन तत्कालीन नेताओं ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते उसे जीवित रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अपने बयानों और कार्यशैली से कांग्रेस को समाप्ति की ओर ले जा रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के लिए इस प्रकार की भाषा का प्रयोग अशोभनीय और राष्ट्र की गरिमा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि देश का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बना रहा है जबकि विपक्ष केवल अनर्गल बयानबाजी में लगा हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि उन्हें भारत की विदेश नीति और कूटनीति दिखाई नहीं देती बल्कि उनका ध्यान टॉफी और चॉकलेट जैसे विषयों पर केंद्रित है। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को चॉकलेट भी वितरित की। राठौड़ ने कहा कि राहुल गांधी के बयान राष्ट्रीय नेतृत्व के स्तर के अनुरूप नहीं हैं और इससे उनकी राजनीतिक निराशा झलकती है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा भाजपा मुख्यालय घेराव के कार्यक्रम पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कांग्रेस स्वयं बिखरी हुई स्थिति में है और भाजपा का घेराव करने की बात हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक मामले में भाजपा सरकार का कोई दोष नहीं है और कांग्रेस केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए आंदोलन कर रही है। राठौड़ ने दावा किया कि राजस्थान में भाजपा सरकार के दौरान कोई पेपर लीक की घटना नहीं हुई जबकि कांग्रेस शासनकाल में कई बार ऐसे मामले सामने आए। उन्होंने कहा कि वर्तमान मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने त्वरित कार्रवाई की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी जल्द ही कांग्रेस नेताओं की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के खिलाफ जनजागरण अभियान भी चलाएगी।

# 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का आगाज

## शाही लवाजमे के साथ निकली कलश यात्रा

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** निकटवर्ती मूंडरू के जालपाली धाम स्थित श्रीसीतारामजी मंदिर परिसर में संत हरिचरण दास महाराज के सानिध्य में आयोजित हो रहे नवदिवसीय 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ का आगाज गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम के संयोजक सुदर्शन दास महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि महायज्ञ के प्रथम दिवस में सुबह कलश यात्रा निकाली गई। गुरुवार सुबह 6 बजे मंदिर परिसर में यज्ञाचार्य नंदन मिश्र द्वारा वैदिक विधिविधान से यजमानों का दशविधि स्नान कराया। इसके बाद सुबह 8 बजे मूंडरू के बिहारीजी मंदिर से कलश यात्रा शुरू हुई। जहां यज्ञाचार्य नंदन मिश्र ने वैदिक विधिविधान से पूजा अर्चना कराई। प्रमुख यजमान के रूप में जालपाली के संत हरिचरण दास महाराज स्वयं ने पूजा अर्चन किया। कलश यात्रा शाही लवाजमे के साथ गांव के मुख्य बाजारों से होते हुए 11 बजे जालपाली धाम पहुंची। यात्रा में ऊंट, हाथी, घोड़े, बग्घी, रथ थे। जिनमें त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दास, वृंदावन सुदामा कुटी के संत सुतीक्ष्ण दास महाराज, अखिल भारतीय पंच दिगम्बर अनी अखाड़े के राष्ट्रीय संत वैष्णव दास अयोध्या, हरिदेवाचार्य महाराज, टोड़ा के संत बलदेव दास महाराज, नायन के कालिदास महाराज, आसपुरा के गोपाल दास महाराज, प्रेम दास महाराज, रामचरण दास, मंगल दास महाराज, ग्वालिया बाबा, हरिकिशन दास महाराज सहित देशभर कई पीठाधीश्वर, महामंडलेश्वर तथा संत महात्मा सवार थे। यात्रा में शामिल 2100 महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर डीजे की धुनों पर राम नाम संकीर्तन करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंची। अभिजीत मुहूर्त में यजमानों का मंडप प्रवेश हुआ। पंडित राकेश शर्मा के अनुसार प्रतिदिन दो पारियों में यज्ञ सम्पन्न होगा। पहली पारी सुबह 8 से 12 बजे तक तथा दूसरी पारी दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक होगी। आयोजन के सफल संचालन के लिए 25 कमेटियां बनाई गई है। कार्यकर्ताओं द्वारा हवन सामग्री की सफाई तथा धुलाई के बाद सुखाकर सांकलय तैयार किया गया है। हवन सामग्री, काष्ठ, कंडे, थाप्पड़ी सहित सामग्रियों का प्रक्षालन कर भंडार किया गया है।

### यज्ञ स्थल पर ही होगा रोजाना पंडितों व यजमान जोड़ों का रात्रि विश्राम

आचार्य नंदन मिश्र के अनुसार 21 से 29 मई तक आयोजित होने वाले श्रीराम महायज्ञ में बैठने वाले यजमान जोड़ों तथा यज्ञ कर्म कराने वाले ब्राह्मणों को 9 दिन तक यज्ञ स्थल पर ही रुकना होगा। रात्रि विश्राम के लिए यजमान पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग अलग पांडाल बनाए गए है। वहीं ब्राह्मणों के लिए अलग से विश्राम गृह बनाए गए है। जिनके सुरक्षा व्यवस्थाएं आदि के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

## भगवान को पाने का मार्ग प्रेम और समर्पण : गिरिराज शास्त्री

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में अधिकमास के अवसर पर सूरजपोल स्थित श्री गोवर्धननाथ जी मंदिर में आयोजित 11 दिवसीय मथुराधीश महोत्सव के पांचवें दिन गुरुवार को श्रद्धालु भक्ति और आस्था में सराबोर नजर आए। महोत्सव के तहत श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोकों के परायण, 56 भोग महोत्सव और आकर्षक झांकियों का आयोजन किया गया। व्यासपीठ से भागवत मर्मज्ञ गिरिराज जी शास्त्री ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर बाहर की दुनिया में नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के भीतर विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि भगवान को पाने का मार्ग अहंकार त्याग, समर्पण, प्रेम और सच्ची भक्ति से होकर गुजरता है। कलयुग में नामजप, ध्यान और निस्वार्थ प्रेम ही ईश्वर प्राप्ति का सरल माध्यम है। कथा में विदुर और मैत्रेय ऋषि संवाद, सृष्टि रचना और भगवान की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया। गिरिराज जी शास्त्री ने वर्तमान समय में विवाह समारोहों में बढ़ते दिखावे और भोजन की बर्बादी पर भी चिंता जताते हुए सादगीपूर्ण आयोजन का संदेश दिया। महोत्सव में मुख्य यजमान बांगड़ परिवार ने श्रीमद्भागवत की पूजा–अर्चना कर आरती उतारी। इस दौरान नारायण लाल अग्रवाल, ओमप्रकाश मांधना, संजय बांगड, भरत मालपानी, प्रमोद कोटेवाला सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष गोविन्द मालपानी ने बताया कि महोत्सव के तहत प्रतिदिन विभिन्न मनोरथों और झांकियों का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को कैरी मनोरथ और यमुना जी में नौका विहार की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। आगामी दिनों में कमल तलाई, खस महल, फूलों की सांझी, गौचारण और अष्ट सखी द्वार सहित विभिन्न मनोरथों की झांकियां सजाई जाएंगी।

श्रद्धालु प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक झांकियों के दर्शन कर सकेंगे।

## पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष पुजारी का जन्मदिन मनाया



ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मवीर पुजारी का जन्मदिन गुरुवार को सेवा, संवेदना और जनकल्याण के भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राजलदेसर के राजकीय अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें फल वितरित करते हुए मानव सेवा का संदेश दिया। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शिखा बैद ने कहा कि समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही जन्मदिन मनाने का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता मांगीलाल प्रजापत, कमल डागा, सुरेंद्र टाक, महेंद्र बैद, सामाजिक कार्यकर्ता कालूराम तंवर, पड़िहारा मंडल प्रभारी मदन दाधीच, शिवभगवान सोनी, गौरव, विशाल, असलम नागोरी, दीनदयाल कटारिया एवं रामोतार पांडे सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सेवा कार्य में भाग लेते हुए मरीजों की कुशलक्षेम पूछी और जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया।

# फ्रांस में गूंजी भारतीय संस्कृति : इवेंट मैनेजर्स डे पर भारत बना गेस्ट ऑफऑनर



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अंतरराष्ट्रीय इवेंट मैनेजर्स डे को इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिली है। फ्रांस के प्रसिद्ध शहर टूर्स में आयोजित फॉयरे डे टूर्स फेयर में करीब 20 वर्षों बाद भारत को गेस्ट ऑफ ऑनर चुना गया, जिसे भारतीय कला, संस्कृति और इवेंट इंडस्ट्री के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। इवेंट मैनेजर्स डे के ग्लोबल कन्वीनर अरशद हुसैन ने बताया कि इस प्रतिष्ठित आयोजन में इवेंट मैनेजर्स डे के ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर रईस भारती अपने प्रसिद्ध धोद बैंड के साथ राजस्थानी लोक संगीत, पारंपरिक वाद्य यंत्रों और भारतीय संस्कृति की आकर्षक प्रस्तुतियां दे रहे हैं। मेले में दुनिया भर से करीब चार लाख लोगों की भागीदारी हो रही है, जहां भारतीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि भारतीय इवेंट इंडस्ट्री और कलाकारों की वैश्विक पहचान को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर भी है। राजस्थान की लोक धुनों के माध्यम से भारतीय संस्कृति और परंपरा का संदेश विश्वभर तक पहुंच रहा है। अरशद हुसैन ने दुनिया भर के इवेंट मैनेजर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इवेंट इंडस्ट्री लोगों को जोड़ने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 31 मई को इंटरनेशनल इवेंट मैनेजर्स डे मनाया जाता है और इस वर्ष इसकी थीम श्ग्लोबल पीस इवेंट रखी गई है।

# हिंदुस्तान जिंक की बायोडावर्सिटी पहल से 4.1 लाख से अधिक पशु एवं वन्यजीव लाभान्वित

निसं



**उदयपुर (नवयत्न)।** विश्व की सबसे बड़ी जिंक उत्पादक कंपनियों में से एक हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के मौके पर पर्यावरण और पशु देखभाल के लिए किए जा रहे अपने प्रयासों की जानकारी साझा की। कंपनी ने द्वारा सामुदायिक योजना समाधान के तहत राजस्थान में 4.1 लाख से अधिक पशुधन लाभान्वित हुआ है। कंपनी गाँवों में पशुओं के उपचार, उनके लिए पानी की व्यवस्था, जंगलों व पर्यावरण को सुधारने और वैज्ञानिक तरीकों से जीव–जंतुओं को बचाने का काम कर रही है। इसी के तहत उदयपुर के 369 हेक्टेयर में फैले बाघदडा मगरमच्छ संरक्षण रिजर्व को सुधारने का बड़ा काम शुरू किया गया है। पशु स्वास्थ्य और आजीविका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछले 10 सालों से हिंदुस्तान जिंक अपने संचालन क्षेत्र के आस–पास के गाँवों में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रही है। समाधान परियोजना के तहत पशुपालकों को मुफ्त इलाज, टीके और सही जानकारी दी जाती है। इससे ग्रामीण इलाकों में किसानों की कमाई बढ़ती है और पशु सेहतमंद रहते हैं। यह योजना किसानों को आधुनिक और सुरक्षित खेती सिखाने में भी मदद करती है। गर्मियों के मौसम में पशुओं के लिए गाँवों में पानी की टंकियाँ और बर्तन रखे जा रहे हैं। इसके साथ ही रात के समय सड़कों पर होने वाले हादसों से आवारा पशुओं को बचाने के लिए उनके गले में रिफ्लेक्टिव कॉलर बाँधे जा रहे हैं ताकि वे गाड़ियों की रोशनी में दूर से दिखाई दे सकें। हिंदुस्तान जिंक के सीइओ अरुण मिश्रा ने कहा कि हमारे लिए पर्यावरण और जीवों की देखभाल करना सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि हमारे काम का एक जरूरी हिस्सा है। हम प्रकृति को बचाने और गाँवों को खुशहाल बनाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। हम दुनिया के बेहतरीन नियमों का पालन करते हुए देश के विकास और पर्यावरण सुरक्षा में अपना योगदान दे रहे हैं। हिंदुस्तान जिंक ने राजस्थान सरकार के साथ 5 करोड़ का एमओयू किया है। इसके तहत उदयपुर के बाघदरा मगरमच्छ रिजर्व को सुधारा जा रहा है। इस योजना में नए पेड़–पौधे लगाए जा रहे हैं, पानी को रोकने के लिए चेक डैम और तालाब बनाए जा रहे हैं, यहाँ आने वाले सैलानियों के लिए पैदल चलने के रास्ते और बैठने की जगहें बनाई जा रही हैं। इस रिजर्व के पूरी तरह तैयार होने पर यहाँ मगरमच्छों के साथ–साथ 200 से अधिक प्रजातियों के पक्षियों को सुरक्षित घर मिलेगा। हिंदुस्तान जिंक अंतर्राष्ट्रीय संस्था आईयूसीएन के साथ मिलकर पयार्वरण सरंक्षण हेतु प्रयास कर रही है कंपनी का लक्ष्य नो नेट लोस का है, यानी काम के दौरान प्रकृति को जो भी थोड़ा–बहुत असर पड़ता है, कंपनी पेड़ लगाकर एवं पर्यावरण सरंक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। यह प्रयास दिखाता है कि किस तरह एक बड़ी कंपनी उद्योगों को चलाने के साथ–साथ प्रकृति और बेजुबान जानवरों की रक्षा भी कर सकती है।

## पेयजल संकट पर एक्शन मोड में प्रशासन

### एसडीएम ने किया स्टेशन रोड का निरीक्षण

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** बारिश से पहले नालों की सफाई और जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया गया। पीएचईडी व नगरपालिका अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण, रिपोर्ट कलेक्टर को भेजी गई । आगामी बारिश के मौसम एवं शहर में पेयजल संकट को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार श्रीमाधोपुर एसडीएम अनील कुमार ने जलदाय विभाग एवं नगरपालिका अधिकारियों के साथ शहर में पेयजल सप्लाई और नालों की सफाई व्यवस्था का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन रोड स्थित अस्पताल के पास क्षेत्रवासियों से पानी की सप्लाई की जानकारी ली गई तथा एसडीएम ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को लाइनों की जांच कर पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए। वहीं आगामी मानसून को देखते हुए शहर के जलभराव वाले क्षेत्रों को चिह्नित कर नगरपालिका को अगले 10 से 15 दिनों में नालों की सफाई एवं मिट्टी हटाने के निर्देश दिए गए है ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति न बने। अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग कर पेयजल एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए कहा गया है।

इस दौरान सहायक अभियंता कविता, कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र कुमार, फीटर हेमराज शर्मा, ईओ अशोक कुमार, कनिष्ठ अभियंता रोशन लाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। संयुक्त निरीक्षण की रिपोर्ट जिला कलेक्टर को भेज दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190